संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, मंगलवार, 09 अप्रैल 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



9 अप्रैल को कलश स्थापना के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। क्योंकि यह अभिजीत मुहूर्त है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 18 अंक: 97 पृष्ठ: 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड





## आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

## मन की बात



"जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं।"

स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# हमने बंद कर दी कांग्रेस की दुकान: मोदी

= कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए, साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों के घोटाले हुए: पीएम मोदी

**चुनावी शंखनाद**

8 सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने कुंजी को ही बंद कर दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर/जगदलपुर:** पीएम नरेंद्र मोदी ने 8 अप्रैल को बस्तर की धरती से छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। भानपुरी के छोटे आमाबाल में चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए। साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों के घोटाले हुए। दिल्ली से एक रुपये निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था। ये मैं नहीं कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था। सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने इस कुंजी को ही बंद कर दिया है। चुनाव में कांग्रेसी भ्रष्टाचारी बचाओ रैली निकाल रहे हैं पर वो समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा कि एक रुपया भेजो और 15 पैसा मिले वह जादू हमने बंद कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस को लगा कि उसे लूटने का लाइसेंस मिला है। 2014 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया। जब कांग्रेस की दुकान बंद हो गई और लूटने का लाइसेंस चला गया तो वो मोदी को गाली दे रहे हैं। पूर्व की भूपेश सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां की युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया, उनकी तेजी से जांच चल रही है। ऐसे में वो नाराज होकर लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी समझ लें मोदी इन धमकियों से नहीं डरता है। वह गरीबों का बेटा है और सिर ऊंचा करके चलता है। रामनवमी बहुत दूर नहीं है।

**'जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा':** कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि आजादी के बाद दर्शकों तक कांग्रेस की सरकारों ने विकास को नजरअंदाज किया। गरीबों की चिंता नहीं की। कभी महंगाई का मतलब ही नहीं समझा। साल 2014 में गरीब के इस बेटे को देश की सेवा का अवसर मिला। घर और दवा नहीं होने पर गरीबों पर क्या बितती है वो मैं समझता हूं, इसलिए जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा। दावा करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार की वजह से ही 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।

**बस्तर में सबसे ज्यादा आना वाला प्रधानमंत्री:** उन्होंने कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं, काम करने के लिए पैदा हुआ है। छत्तीसगढ़ में जितने कोई प्रधानमंत्री बस्तर में नहीं आए हैं, उससे ज्यादा मैं आया हूं। अब आपको मेरा एक काम करना होगा। आप घर-घर जाना और कहना कि मोदी ने आपको जोहार भेजा है, राम-राम कहा है।





## पूरी हो रही मोदी की गारंटी: पीएम




**प्रधानमंत्री** ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनते ही सभी गारंटी पूरी हो रही है। माताओं, बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। धान समर्थन मूल्य, धान खरीदी का अंतर राशि, तेंदूपत्ता संग्रहण की गारंटी पूरी हुई है। आदिवासी, दलित और पिछड़ों के घर पक्के बनने शुरू हो गए हैं। सरकार बनने के दूसरे दिन ही 18 लाख गरीबों के पक्के मकान बनने का निर्णय लिया गया। केंद्र की सरकार ने जो भी योजनाएं बना रही हैं, उसमें अधिकतर मालिकाना हक महिलाओं के ही नाम पर हैं। हर घर में जल पहुंचाने के लिए तेजी से काम होगा। मोदी ने देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गारंटी दी है।

**स्थानीय बोली में कहा-आमचो भाई बहिनी**

पीएम मोदी ने बस्तरिया बोली हल्बी में संबोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि 'आमचो भाई बहिनी!, दादा-दीदी आपन सपाय मन के मोचो बाटले, जोहर! राम-राम।' मां दंतेश्वरी की पावन धरा को मेरा प्रणाम। छत्तीसगढ़ से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को स्मरण करते हुए कहा कि आज मैं अपने बहुत पुराने साथी बलिराम कश्यप की जन्मस्थली-कर्मस्थली बस्तर पहुंचा हूं। उनके साथ बस्तर के कई क्षेत्रों में दौरा किया है। बलिराम ने जो तपस्या की और काम किया, आज उसी का नतीजा है कि हम सब हम ने आप जनता का विश्वास जीता है। बस्तर के बारे में कहा जाता है 'मावा बस्तर शोभला बस्तर'। बस्तर डिवीजन से ही मैंने आयुष्मान आरोग्य योजना की शुरूआत की थी। छत्तीसगढ़ में भी हजारों आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले गए हैं।

## 'कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप'



**पीएम** ने कहा किइस बार अयोध्या में हमारे रामलला टेंट में नहीं बल्कि मंदिर में दर्शन देंगे। 500 साल बाद यह सपना पूरा हुआ तो सबसे अधिक खुशी प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को हुआ, लेकिन कांग्रेसी और इंडी गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज है। कांग्रेस के शाही परिवार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के न्योता ठुकराने को जिन कांग्रेसियों ने गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। इससे साबित होता है कि कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है, उसमें भी मुस्लिम लीग की छाप है।

## अगले पांच साल तक मुफ्त में मिलेगा राशन: पीएम मोदी

**पीएम** ने कोरोना काल को याद करते हुए कांग्रेस की अमीरों की सरकार में देश में बीमारी का टीका आने में दर्शकों लग जाते थे, लेकिन बीजेपी सरकार में गरीबों को मुफ्त में वैक्सीन दी गई और मुफ्त में राशन दिया गया। उस समय में जब दूसरे देशों में कोरोना का एक-एक टीका हजारों रुपए में लग रहा था, ऐसे में भारत ने मुफ्त में टीका लगाया गया। दूसरे देशों में जहां खाने के लिए हाहाकार मचा था। वहीं हमने गरीब भाई-बहनों के लिए मुफ्त राशन की दुकान खोल दी। अगले पांच साल तक मुफ्त में राशन मिलेगा।

## 'मोदी घिसी पिटी हिंदू-मुस्लिम स्क्रिप्ट के सहारे'



**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों ने ताबड़तोड़ रैली शुरू कर दी है। इस बीच, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को भाजपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश और मुस्लिम लीग का समर्थन किया था। गौरतलब है कि पीएम मोदी द्वारा कांग्रेस पर तीखा हमला करने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे की प्रतिक्रिया आई है।

**भाजपा के वैचारिक पूर्वजों ने अंग्रेजों का साथ दिया था-खरगे**

सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के राजनीतिक और वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्राता संग्राम में भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश और मुस्लिम लीग का समर्थन किया था। इनके वैचारिक पूर्वजों ने 1942 में महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो' आह्वान का विरोध किया था, जो मौलाना आजाद की अध्यक्षता में किया गया आंदोलन था।

## 'राहुल ने पीएफआई का समर्थन लिया'



**टीम एक्शन इंडिया**

**अमेठी:** बीजेपी की प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोमवार को अपने दौरे पर अमेठी लोकसभा क्षेत्र में कहा कि मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई है कि वायनाड में चुनाव लड़ने के लिए राहुल गांधी ने आतंकवादी संगठन पीएफआई का समर्थन लिया है। पीएफआई के संदर्भ में जब आप चार्जशीट पढ़ेंगे तो आप जानेंगे कि पीएफआई के आतंकी संगठन ने हर जिले में कितने हिंदुओ को मारना है, उसकी लिस्ट बनाई है। जो हिंदुओं को मारने की लिस्ट बना रहे हैं तो राहुल गांधी अमेठी की जनता को यह बतलाएं कि ऐसे संगठन के सहयोग से आप वायनाड का चुनाव क्यों लड़ रहे हैं? मैं कुछ दिन पहले वायनाड में थी, वहां जाकर यह जानकारी प्राप्त हुई कि राहुल गांधी ने वायनाड को अपना परिवार घोषित किया। यह सुना जाता था कि लोग रंग बदलते हैं। पहली बार देखा है कि व्यक्ति अपना परिवार भी बदलता है।

# सीएए से नागरिकता नहीं जाएगी: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु में एक कार्यक्रम के दौरान तीन तलाक को लेकर कहा कि वह किसी भी धर्म को मानने वाली महिला पर अत्याचार नहीं होने देंगे। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर कहा कि इस कानून से किसी की भी नागरिकता नहीं जाएगी। द्रमुके और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि डीएमके और कांग्रेस अपने-अपने परिवारों के लिए काम कर रही हैं, जबकि पीएम मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु में रोडशो भी किया। राजनाथ सिंह ने कीराबुर में रोडशो किया और पार्टी के



नमाक्कल सीट से उम्मीदवार केपी रामालिंगम के लिए प्रचार किया।

**'सीएए से नहीं जाएगी किसी भारतीय की नागरिकता':** रक्षा मंत्री ने कहा कि संशोधित नागरिकता कानून के लागू होने से कोई भी भारतीय नागरिक अपनी नागरिकता नहीं खोएगा, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी कांग्रेस और द्रमुक इस मुद्दे पर भ्रम पैदा कर रही हैं। पार्टी ने अयोध्या में राम मंदिर, अनुच्छेद 370 हटाने और सीएए लागू करने का वादा किया था। उन्होंने कहा, हमने सीएए का वादि किया था औ इसे पूरा किया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत का कोई भी नागरिक चाहे यहूदी हो, किसी की नागरिकता नहीं जाएगा।

**स्पष्ट किया**

8 तीन तलाक को लेकर कहा कि वह किसी भी धर्म को मानने वाली महिला पर अत्याचार नहीं होने देंगे

## जल बोर्ड घोटाले पर दिल्ली विधानसभा में हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, भाजपा विधायकों ने जल बोर्ड में घोटाले संबंधी दिल्ली सरकार की रिपोर्ट पर चर्चा कराने की मांग की थी। लेकिन अध्यक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं हुए। इस पर भाजपा विधायकों ने हंगामा किया। इस कारण विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के सभी विधायकों को सदन से मार्शल बाहर करा दिया।

**भाजपा का हंगामा:** भाजपा विधायकों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधानसभा परिषद स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने धरना दिया।

# पीएम की टिप्पणियों के खिलाफ आयोग पहुंची कांग्रेस

**शिकायत**

8 घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुस्लिम लीग वाली टिप्पणी सहित कई मुद्दों की शिकायत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दिल्ली में चुनाव आयोग (ईसी) के कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुस्लिम लीग वाली टिप्पणी सहित कई मुद्दों की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद समेत कई लोग शामिल थे। खुर्शीद ने कहा, "प्रधानमंत्री अपने भाषणों में जो कहते हैं, उससे हमें बहुत दुख होता है। उन्होंने हमारे घोषणापत्र के बारे में जो कहा है वह झूठ का पुलिंदा है। हमें इससे बहुत दुख हुआ है। आप किसी अन्य दल के घोषणापत्र पर असहमति रख सकते हैं। आप इस पर बहस कर सकते हैं। आप उसका विश्लेषण कर सकते हैं। लेकिन एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी की पार्टी जो राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल रही है, उसके घोषणापत्र के बारे में ऐसा कहना झूठ का पुलिंदा है।



## ईसी दफ्तर के बाहर टीमसी कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनावों को लेकर तेज हुई सरगर्मी के बीच राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीएमसी नेताओं को हिरासत में लिया गया है। दरअसल, टीएमसी का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ धरना कर रहा था। जिन्हें पुलिस ने हटाने की कोशिश की। इसी दौरान कुछ नेताओं को हिरासत में लिया गया है। इसके कुछ वीडियो भी सामने आए हैं।

# महाकाल के दर्शन करना है तो वह ही करें, रील न बनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन:** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दरबार में श्रद्धालु दर्शन की अभिलाषा लेकर आते हैं लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो रील बनाते हैं और प्रतिबंधित क्षेत्र में फोटोग्राफी करते नजर आते हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसने के इरादे से महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने कुछ दिशानिर्देश बनाए हैं। इनका सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। यदि कोई श्रद्धालु मंदिर में रील बनाता दिखाई दिया तो पहले समझाइश दी जाएगी। यदि फिर भी नहीं मानता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के नवागत प्रशासक मृणाल मीना ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब उन्होंने मंदिर परिसर में रील बनाने पर पाबंदी लगा दी है। मीना का कहना है कि हम चाहते हैं कि मंदिर में जिस भावना के साथ श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने आते हैं, उनकी मनोकामना पूरी हो। श्रद्धालुओं को अच्छी से अच्छी व्यवस्था मिले, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। महाकालेश्वर प्रबंध समिति के निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है।



**निर्देश**

8 महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने कुछ दिशा-निर्देश बनाए हैं। इनका सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए

# जम्मू-कश्मीर: एनसी-कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे चुनाव: उमर



**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू:** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिलकर लड़ेंगे। सोमवार को नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इसकी घोषणा की। उमर ने बताया कि जम्मू की दो सीटों पर और लद्दाख की एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे, जिन्हें नेकां समर्थन करेगी। वहीं, कश्मीर की तीन सीटों पर नेकां अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिसे कांग्रेस समर्थन करेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं। कांग्रेस ने जम्मू की सीट पर रमण भल्ला और उधमपुर सीट पर चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इन्हें अपना समर्थन दिया है। रमण भल्ला के नामांकन के दिन फारूक अब्दुल्ला स्वयं उनका पर्चा भराने पहुंचे थे। इसके साथ ही फारूक जम्मू में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार भी कर चुके हैं। कश्मीर में तीन सीटों में से एक पर नेकां ने अभी उम्मीदवार का एलान किया है। अनंतनाग-राजोरी सीट से मियां अल्ताफ को मैदान में उतारा है। लद्दाख सीट पर अब कांग्रेस अपने उम्मीदवार उतारेगी।

## जम्मू में कांग्रेस को समर्थन देगी पीडीपी

**महबूबा** मुफ्ती ने कहा कि पीडीपी जम्मू क्षेत्र की दो सीटों उधमपुर और जम्मू पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस कश्मीर में कांग्रेस का समर्थन उन्हें मिलेगा। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि वह इसके लिए कांग्रेस पार्टी को समर्थन नहीं दे रही हैं, कि बदले में उन्हें भी समर्थन मिले, यह कांग्रेस के विवेक पर निर्भर करता है। महबूबा ने कहा- 'हमने संविधान और लोकतंत्र को बचाने की बड़ी लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया है।' उधर, नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कांग्रेस के घोषणापत्र का बचाव करते दिखे।

**छानबीन जारी**

मौत ने जेल और मेडिकल कॉलेज प्रशासन के लिए सवालों की लंबी फेहरिस्त छोड़ दी

# मुख्तार को जहर दिया गया या नहीं, 15 दिन में आएगी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदा:** बांदा जेल में लगभग तीन साल बंद रहे। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत ने जेल और मेडिकल कॉलेज प्रशासन के लिए सवालों की लंबी फेहरिस्त छोड़ दी है। जिसके जवाब ढूंढने के लिए न्यायिक और मजिस्ट्रेटी जांच समिति छानबीन करने में जुटी है। मेडिकल कॉलेज ने मुख्तार अंसारी की मौत हार्ट अटैक से मानी है। पोस्टपार्टम रिपोर्ट ने भी इसी बात की पुष्टि की है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल उसे खाने में जहर दिया गया था या नहीं। इसका जवाब लगभग 15 दिन बाद बिसरा रिपोर्ट आने के बाद मिल सकता है।



गौरतलब है कि मुख्तार अंसारी के पोस्टमार्टम के बाद जो रिपोर्ट आई थी। उसमें मृत्यु का कारण शॉक और मायोकॉर्डल इन्फेक्शन (एमआई) दशार्या गया है। मेडिकल में शॉक का मतलब ब्लड प्रेशर का कम हो जाना एमआई का मतलब हार्ट का एक हिस्सा पीला पड़ जाना। इसके मुताबिक मुख्तार अंसारी के हार्ट का लगभग 2.1.5 सेंटीमीटर हिस्सा पीला पड़ गया था। उस पीले हिस्से में ब्लड के क्लाट पाये गए थे। इसी से मौत की वजहमायोकारडेल इन्फेक्शन दिखाया गया है। लेकिन इस रिपोर्ट पर मुख्तार अंसारी के परिजनों को यकीन नहीं है। इस रिपोर्ट पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मुख्तार अंसारी और उसके परिजनों ने खाने में जहर देने का आरोप लगाया था। प्रशासन ने मौत की वजह स्पष्ट होने के बावजूद धीमा जहर देने के आरोपों के मद्देनजर पोस्टमार्टम के दौरान विसरा प्रिजर्व कराया था। विसरा प्रिजर्व में शरीर के पांच आर्गन को शामिल किया गया है। पोस्टमार्टम कर रहे डॉक्टर के पैनल ने विसरा को सुरक्षित करने के बाद पुलिस को सौंप दिया था।

अब इस रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इस रिपोर्ट के आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मुख्तार अंसारी को जहर दिया गया है या नहीं। आमतौर पर विसरा रिपोर्ट दो से तीन महीने के भीतर आती है।

**विसरा जांच**

8 अंसारी के हार्ट का 21.5 सेंटीमीटर हिस्सा पीला पड़ गया था। उस पीले हिस्से में ब्लड के क्लाट पाये गए थे

## कांग्रेस विधायक अंबा हुईं ईडी के सामने पेश

**रांची:** मनी लांड्रिंग मामले का सामना कर रही झारखंड की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद की मुसीबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी मामले में आज रांची में प्रवर्तन निदेशालय के सामने उनकी पेशी हुई। वे दोपहर में करीब ढाई बजे ईडी कार्यालय पहुंची। जहां कथित जबरन वसूली और जमीन हड़पने के मामलों से जुड़ी जांच को लेकर उनका बयान दर्ज किया गया। गौरतलब है कि ईडी ने 12 मार्च को अंबा प्रसाद के परिसरों में छापेमारी की थी। उनपर अवैध रेत खनन, जमीनों पर कब्जा और जबरन वसूली करने का आरोप है।

# नोएडा के जीआईपी मॉल में युवक की मौत

## वाटर पार्क में स्लाइडिंग के बाद बिगड़ी थी हालत, दोस्तों के सामने तोड़ा दम, आदर्श नगर, दिल्ली का रहने वाला है युवक





**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः नोएडा के** जीआईपी मॉल स्थित वाटर पार्क में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया दोस्तों के साथ वाटर पार्क में एंटरटेनमेंट करने आए एक युवक की स्लाइडिंग के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्लाइडिंग के बाद युवक को सांस लेने में तकलीफ हुई और इसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वाटर पार्क को बंद कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**ये है पूरा मामला**

पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय धनंजय महेश्वरी दिल्ली के आदर्श नगर शिवाजी रोड एक्सटेंशन में परिवार के साथ रहता था। रविवार को धनंजय अपने चार दोस्तों के साथ नोएडा के जीआईपी मॉल में स्थित वाटर पार्क में एंटरटेनमेंट करने पहुंचा था। इस दौरान धनंजय के चार दोस्त सीधे स्लाइडिंग करने के लिए पहुंचे और एक-एक कर चारों दोस्तों ने स्लाइडिंग की। इस बीच धनंजय भी स्लाइडिंग करके जैसे ही नीचे आया अचानक उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। कुछ देर बैठकर उसने आराम भी किया। इस बीच जीआईपी मॉल प्रबंधन ने कैलाश अस्पताल को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**सोशल मीडिया पर डूबने की अफवाहः** इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर धनंजय की



वाटर पार्क में डूबने से मौत होने की अफवाह फैली हुई है। सोशल मीडिया पर कई यूजर ने लिखा है कि नोएडा के जीआईपी मॉल स्थित वाटर पार्क में एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई है। वहीं कई यूजर ने लिखा है कि यह वाकई भयावह है। वही नोएडा पुलिस की तरफ से इसे लेकर बयान जारी किया गया है। जारी बयान के मुताबिक युवक की डूबने से मौत नहीं हुई है।

**परिवार में मचा कोहरामः** धनंजय की मौत से परिवार भी सदमे में है। परिवार के लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर अचानक ऐसा क्या हुआ जिससे धनंजय की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने हॉट अटैक से युवक की मौत होने की आशंका जताई है।

**पुलिस का बयानः** इस संबंध में थाना सेक्टर 39 पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल पाएगा। घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

### सेक्टर 38 ए स्थित जीआईपी वाटर पार्क की घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** सेक्टर-38 ए स्थित जीआईपी वाटर पार्क में दोस्तों के साथ नहाने आए केबल कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार दोपहर दिल्ली के आदर्श नगर निवासी धनंजय महेश्वरी (25) दोस्त अंशुल गुप्ता, राघव गुप्ता, सागर गुप्ता और पीयूष लांबा के साथ जीआईपी स्थित वाटर पार्क आए थे। दोपहर करीब 12:30 बजे धनंजय व उसके साथी कॉस्टयूम और लाकर लेने के बाद सीधे स्लाइडिंग पर पहुंचे थे। स्लाइडिंग के बाद एक-एक करके सभी लोग नीचे आए तभी धनंजय को सांस लेने में परेशानी होने लगी। वाटर पार्क प्रबंधन की ओर से एंबुलेंस से धनंजय महेश्वरी को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नोएडा पुलिस की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने



बताया कि धनंजय के पैर और कमर पर चोट के निशान थे। धनंजय के पिता का दिल्ली में केबल का कारोबार है और वह अपने पिता के कारोबार में सहयोग करते थे। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह के मुताबिक पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। परिजनों की तरफ से शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**अस्पताल पहुंचने में देरी होने का आरोपः** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सांस लेने में तकलीफ होने पर धनंजय जमीन पर बैठ गए। आरोप है कि अगर एंटरटेनमेंट पार्क प्रबंधन तभी अलर्ट होकर उन्हें तुरंत उसे अस्पताल पहुंचता तो उनकी जान बच सकती थी। बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने में थोड़ा वक्त लग गया। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एंटरटेनमेंट पार्क प्रबंधन की तरफ से 20 से 25 मिनट की देरी की बात कही है।

रविवार दोपहर वाटर पार्क में काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई और कई लोग वाटर पार्क से वापस चले गए। वही नोएडा कमिश्नरेट की मीडिया सेल के मुताबिक धनंजय माहेश्वरी की मौत डूबने से नहीं हुई है। परिजनों की उपस्थिति में पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है।

# एलजी की बैठक में शामिल नहीं हुए मंत्री

**बढ़ेगी परेशानी**

8 इनकार करने पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने की आलोचना, गृह मंत्रालय को लिखा पत्र





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने लिखा, 'असंवेदनशीलता और गंभीरता की कमी दिखाते हुए दिल्ली के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अपने मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल द्वारा बुलाई गई बैठकों में भाग लेने से इनकार कर दिया। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को दिल्ली की अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।' केंद्रीय गृह सचिव को लिखे अपने पत्र में एलजी ने कहा, 'इस तरह का परामर्श आवश्यक था ताकि केजरीवाल की हिरासत के चलते शासन के नियमित कार्यों में बाधा न आए, लेकिन मंत्रियों ने मॉडल कोड के विशेष आधार पर उनके निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया।' एलजी वीके सक्सेना ने पत्र में आगे लिखा, 'गोपाल राय, कैलाश गहलोत, आतिशी और सौरभ भारद्वाज को दो अप्रैल को बैठक के लिए सूचना भेजी गई थी। हालांकि, सभी मंत्रियों ने ईमेल के माध्यम से उक्त बैठक में शामिल होने से इस विशेष आधार पर इनकार कर दिया है। आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए इस स्तर पर ऐसी बैठक उचित नहीं होगी।' पत्र में कहा गया है, 'माननीय उपराज्यपाल का मानना है कि इस तरह का परामर्श आवश्यक था, ताकि मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी और हिरासत की पृष्ठभूमि में शासन के नियमित कार्यों में बाधा न आए। बैठक में शामिल नहीं होने के लिए दिया गया तर्क अस्पष्ट प्रतीत होता है।

# पत्नी पर एसिड अटैक करने वाले आरोपित को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एसिड अटैक करके अपनी पत्नी की जान लेने वाले आरोपित को क्राइम ब्रांच की टीम ने आखिरकार महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। यह पुलिस से बचने के लिए लगातार अपनी वेशभूषा चेंज कर रहा था। इसने दाढ़ी बढ़ा ली थी और कभी मंदिर में कभी और कहीं जगह सेवा करने के बहाने छुप रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान 61 साल के जितेंद्र उर्फ जीतू के रूप में हुई है। इसके खिलाफ जहांगीरपुरी थाना में पिछले साल मामला दर्ज हुआ था। इसकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर योगेश और विनोद यादव की टीम ने पता करने में कामयाबी पाई। फिर वहां पर छापा मारकर इसे पकड़ा गया और वहां से फिर दिल्ली लाया गया। इससे पहले भी पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी के लिए छापा मारा था, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह वहां से फरार हो गया। उसके बाद पुलिस टीम इसके बारे में पता लगाना शुरू किया। यह बचने के लिए अपने पास मोबाइल तक नहीं रखता था। जिससे कि उसके लोकेशन को पुलिस के द्वारा ट्रैक किया जा सके।

# जांच से परेशान यात्री ने परमाणु बम होने की कही बात, दो आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

8 दो यात्रियों को जांच कराने को कहा गया था लेकिन वो झल्ला उठे और उन्होंने जांच कराने से इनकार कर दिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) को परमाणु बम से उड़ाने की धमकी मिली है, दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी है कि ये मामला 5 अप्रैल का है। जब दो यात्रियों को जांच कराने को कहा गया था लेकिन वो सुरक्षाकर्मियों पर झल्ला उठे और उन्होंने जांच कराने से इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार, पांच अप्रैल को दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया था, उनकी ओर से आईजीआई एयरपोर्ट को परमाणु बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने ये भी बताया कि जिन दो यात्रियों ने एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

पुलिस की ओर से जानकारी दी गई है कि पांच अप्रैल को आईजीआई में फ्लाइट में चढ़ने वाले यात्रियों की तलाशी ली जा रही थी तभी दो यात्रियों ने सुरक्षा स्टाफ को धमकी दी कि एयरपोर्ट को न्यूक्लियर बम से उड़ा दिया जायेगा। इस धमकी के बाद एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया और दिल्ली पुलिस अलर्ट हो गई।

# के. कविता को नहीं मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की बेटी व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को राहत नहीं मिली है। अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत देने का यह सही समय नहीं है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया कविता मनी लांड्रिंग का अपराध करने, उससे जुड़े सुबूतों को नष्ट करने और गवाहों को प्रभावित करने के प्रयास में सक्रिय रूप से शामिल हैं। अदालत ने यह देखते हुए कि कविता एक सुशिक्षित और समाज में अच्छे स्थान वाली महिला हैं।

# भाजपा ने किया दिल्ली जल बोर्ड घोटाले का खुलासा



**मांग**

8 आतिशी को समझ होनी चाहिए कि आडिट के बिना असीमित समय तक सरकारी विभाग को पैसा देना गैर कानूनी है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड में घोटाले का खुलासा किया और इसकी जांच सीबीआई से कराने की मांग की। यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा लम्बे समय से कहती रही है कि दिल्ली जल बोर्ड का घोटाला शराब घोटाले से बड़ा है और आम आदमी पार्टी के नेता इससे बचने का हमेशा प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि पिछले 9 साल में 28,400 करोड़ रुपये बेहिसाब हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि 2013 से जल बोर्ड में शुरू हुए घोटालों का खेल आज उस मुकाम पर पहुंच चुका है कि अब जल बोर्ड 73,000 करोड़ रुपये के कर्जों में डूबा है और उसकी पूर्ति के लिए दिल्ली की जनता को ठगने का प्लान भी तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ दिल्ली की जल मंत्री आतिशी कहती है कि उन्हें पैसा नहीं दिया जा रहा है जबकि दूसरी तरफ साल 2016-17 से अभी तक जल बोर्ड के खाते का ऑडिट ही नहीं किया गया है। मंत्री आतिशी को इतनी समझ होनी चाहिए कि आडिट के बिना असीमित समय तक किसी भी सरकारी विभाग को पैसा देना गैर कानूनी है। और इस कारण आज जल बोर्ड में घोटाले जैसी स्थिति बन गई है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 9 मार्च को आतिशी द्वारा लिखे गए पत्र में जो जानकारी आई है, उससे कई बातों का खुलासा हुआ है। पत्र से मिली जानकारी के अनुसार 59 फीसदी पानी से कोई रेवेन्यू नहीं आता और अतिरिक्त 15 फीसदी पानी के उपयोग पर कोई पारदर्शिता नहीं है। आज दिल्ली जल बोर्ड में 74 फीसदी पानी का कोई हिसाब नहीं हो रहा। यानी सिर्फ 26 फीसदी पानी से ही पूरा जल बोर्ड चल रहा है। इतना ही नहीं 2021- 22 के तो खाते ही गायब हैं। दिल्ली जल बोर्ड केजरीवाल के भ्रष्टाचार का प्रमुख अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पानी के बिल की हकीकत यह है कि रिहायशी इलाकों में 30 किलो लीटर पानी को 790 रुपये, सर्विस चार्ज 219 रुपये और फिर सीवर चार्ज 474 रुपये और दोनों को मिलाकर 1484 रुपये बनते हैं। अगर प्रति लीटर पानी की बात करें तो 49 रुपये किलो लीटर होता है।

# पीएम की डिग्री पर टिप्पणी में संजय सिंह को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री पर टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। संजय सिंह को अब गुजरात की निचली अदालत में चल रहे मुकदमे का सामना करना होगा। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने हाई कोर्ट के फैसले में कोई भी दखल देने से इनकार कर दिया। निचली अदालत ने 2023 में आपराधिक मानहानि के मामले में समन जारी कर संजय सिंह को 15 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। गुजरात हाई कोर्ट संजय सिंह के खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर चुका है। दरअसल प्रधानमंत्री की शैक्षणिक योग्यता के संबंध में उनके व्यंग्यात्मक और अपमानजनक बयान मामले में गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दाखिल आपराधिक मानहानि की शिकायत पर गुजरात की निचली अदालत ने संजय सिंह को समन जारी किया था। निचली अदालत के आदेश को संजय सिंह ने गुजरात हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। गुजरात हाई कोर्ट ने संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी थी।

# सीएम को मिलेगी राहत या जेल में ही रहेंगे?



**इंतजार**

8 मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट अपना निर्णय सुनाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट अपनना निर्णय सुनाएगा। तीन अप्रैल को अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने की।

**ईडी ने कोर्ट में क्या कहा?**

ईडी ने याचिका के जवाब मे कहा था कि अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के मुख्य सरगना हैं। उनके पास ऐसे सबूत हैं, जिनके आधार पर वो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के दोषी हैं। आम आदमी पार्टी ने घोटाले में हुई आय की एक हिस्से (लगभग 45 करोड़ रुपये कैश) का उपयोग गोवा के विधानसभा चुनावों 2022 में किया था। यह पैसा चुनाव अभियान में खर्च किया गया था। ईडी ने जवाब में कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की है। यह अपराध धारा 70, पीएमएलए 2002 के अंतर्गत आता है। आम आदमी पार्टी एक राजनीतिक दल है, जिसमें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत व्यक्तियों का संघ शामिल है।

**ईडी ने केजरीवाल पर क्या आरोप लगाएः** ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी ने अभियान के वेंडर्स को दिए गए सभी बड़े भुगतान कैश में किए थे। इसकी जानकारी पासबुक में भी नहीं है।

# अखूंदजी मस्जिद में ईद पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने महरौली की ध्वस्त हो चुकी छह सौ साल पुरानी अखूंदजी मस्जिद में रमजान और ईद के मौके पर नमाज पढ़ने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सिंगल बेंच ने एक महीना पहले जब कोई राहत दी है तो डिवीजन बेंच फिलहाल कोई भी अंतरिम आदेश जारी नहीं कर सकती है। याचिका इंतजामिया कमेटी मदरसा बहरुल उलूम और कब्रिस्तान ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि ईद के साथ रमजान का महीना खत्म हो जाएगा इसलिए नमाज पढ़ने की अनुमति दी जाए। यह याचिका सिंगल बेंच के उस आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई थी, जिसे जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की सिंगल बेंच ने शब-ए-बारात के मौके पर नमाज पढ़ने और कब्रगाह जाने की बेरोकटोक इजाजत देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि मस्जिद फिलहाल दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के कब्जे में है और इस मामले से संबंधित मुख्य मामला हाई कोर्ट में लंबित है। हाई कोर्ट में मुख्य मामले की सुनवाई 7 मई को होने वाली है।

# पीरजादा फरीदी हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के 17वें सज्जादानशीन घोषित

**शिरकत**

8 इस मौके पर हजारों जायरीन, सूफि यों एवं सज्जादानशीनों ने शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के सज्जदानशीन हजरत पीरजादा आयाजुद्दीन चिश्ती उर्फ. रईस मियां चिश्ती ने अपने जानशीन (उत्तराधिकारी) के नाम का ऐलान किया। ऐतिहासिक कचहरी खानकाह में उर्स की महफि ल के दौरान यह घोषणा की गई। इस मौके पर हजारों जायरीन, सूफि यों एवं सज्जादानशीनों ने शिरकत की। विशेषकर अजमेर शरीफ दरगाह के सज्जादानशीन सैयद जैनुल आबेदीन अली खान ने बधाई दी है। सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां ने अपने संबोधन में कहा कि 1943 में मेरे पिता पीरजादा अजीजुद्दीन चिश्ती के इंतकाल के बाद मुझे सज्जादानशीन बनाया गया था। तब मेरी उम्र 7 वर्ष थी। इसी कचहरी में मेरी दस्तरबंदी हुई थी। मुझे खुशी है कि मैं अपने बड़े बेटे पीरजादा अरशद फरीदी की 17वें सज्जादानशीन के लिए दस्तरबंदी कर रहा हूं। अपने भावुक संबोधन में उन्होंने कहा कि मैंने 81 साल तक इस चौखट की खिदमत की और अब उम्मीद करता हूं कि अरशद फरीदी दरगाह की परमपराओं, धार्मिक व सामाजिक नियमों का पालन करेंगे। शाही फरमान में वर्णित नियमों के अनुसार पवित्र दरगाह की व्यवस्था को चलाएंगे। बाबा शेख सलीम चिश्ती अजमेर शरीफ के ख्वाजा गरीब नवाज की चिश्ती परंपरा के सर्वमान्य सूफी हैं। वह प्रसिद्ध सूफी हजरत बाबा फरीद के परिवार से थे। शेख सलीम चिश्ती का उर्स 454 वर्ष से यहां हर साल हो रहा है।

# सोहन को था अपनी घरवाली पर शकः पत्नी ने साथ रहने से किया इनकार

## साथ रहने से इनकार करने पर पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने सागरपुर से गिरफ्तार किया



**सफलता**

8 आरोपी अपने दोस्त के साथ मिलकर 31 मार्च को महिला पर चाकू से हमला कर फरार हो गया था

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के डाबड़ी इलाके में साथ रहने से इनकार करने पर पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने सागरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अपने दोस्त के साथ मिलकर 31 मार्च को महिला पर चाकू से हमला कर फरार हो गया था। आरोपी की पहचान सोहन शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से खिलौना पिस्टल बरामद की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 31 मार्च की सुबह 10 बजे डाबड़ी इलाके में एक महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस डीडीयू अस्पताल पहुंची। घायल महिला की पहचान डाबड़ी गांव निवासी आशा देवी के रूप में हुई। पूछताछ में महिला ने बताया कि अपने पहले पति की मृत्यु के बाद उसने सोहन शर्मा से शादी की थी। पहले पति से उसे एक बेटा और एक बेटी है। जिसे सोहन ने अपनाने से इनकार कर दिया। इस बात को लेकर उनके बीच विवाद रहता था। सोहन उसे जबरन अपने साथ रहने के लिए कहता था। इससे इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के समय वह काम पर जा रही थी, इसी दौरान सागरपुर नाले के पास सोहन और उसके दोस्त आरिफ ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में उसके दिल्ली एनसीआर के ठिकाने सहित लखनऊ, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश में कई छापे मारे। लेकिन आरोपी लगातार ठिकाने बदलता रहा। छह मार्च को सोहन के मेन सागरपुर में घूमने की सूचना मिली। पुलिस टीम वहां पहुंचकर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक खिलौना पिस्टल मिला।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ऑटो चलाता था। 2019 में उसने आशा से शादी की। एक साल बाद उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी का किसी और अफेयर है। जिसके कारण उसकी पत्नी ने उसके साथ रहने से इनकार कर दिया। उसने पत्नी की हत्या करने की साजिश रची। उसने 15 सौ रुपये में ऑनलाइन एक खिलौना पिस्टल खरीदी। उसके एक दोस्त आरिफ का भी आशा से विवाद था।

# सीएम नायब सिंह सैनी डॉ. अशोक तंवर के आवास पर पहुंचे

## मुख्यमंत्री सैनी एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने नगर पार्षद नीतू सैनी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी

**लाभान्वित**

8 हर पात्रों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित किया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी सोमवार को सेक्टर-20 स्थित सिरसा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के आवास पर पहुंचे। इस दौरान डॉ. अशोक तंवर की धर्मपत्नी अवंतिका माकन तंवर, पिता दिलबाग राय तंवर, डॉ. तंवर के बड़े भाई सुरेंद्र तंवर ने उनका स्वागत किया।



महिला मोर्चा हरियाणा की आईटी प्रमुख एवं सिरसा से महिला मोर्चा की प्रभारी कीर्ति सिंह, वार्ड नंबर 19 की नगर पार्षद नीतू सोनी, जिला मीडिया प्रभारी अमित सोनी, रमन सर्राफ, समाजसेविका रमता सोनी, डॉ. अशोक तंवर की बेटी अभिस्तदा माकन तंवर ने बुक्के देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने नगर पार्षद नीतू सैनी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। डॉ. तंवर ने इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अमित सोनी व उनकी धर्मपत्नी नगर पार्षद नीतू सोनी को पारिवारिक सदस्य बताते हुए कहा कि उन्होंने वार्ड नंबर 19 में जनसेवा के जो कार्य किए हैं, वे रिकॉर्ड हैं। सोनी दंपत्ति की कुशाग्रबुद्धि और सामाजिक सेवाओं के चलते उन्होंने हर पात्रों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित किया है।

## सिरसा में हो रहा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन, फर्जी शिकायतों की भी भरमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में सी-विजिल एप के माध्यम से नागरिकों भी कड़ी नजर रख रहे हैं। राज्य में अब तक 1204 शिकायतें सी-विजिल मोबाइल एप पर प्राप्त हुई हैं, जिनका निश्चित समय में समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन सी-विजिल मोबाइल एप के माध्यम से सिस्टम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है। कई लोग आपसी रंजिश निकालने के लिए भी चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें कर रहे हैं। आयोग की जांच में करीब तीन सौ शिकायतें फर्जी भी मिली हैं।

# चौ. बीरेंद्र सिंह व प्रेमलता ने छोड़ी भाजपा, कांग्रेस में होंगे शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** चार दशक तक कांग्रेस में रहने के बाद दस साल पहले भाजपा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को भाजपा के सभी पदों इस्तीफा दे दिया है। बीरेंद्र सिंह के साथ-साथ उनकी पत्नी प्रेमलता ने भी भाजपा को छोड़ दी है। अब मंगलवार को बीरेंद्र सिंह अपने समर्थकों समेत दोबारा कांग्रेस में शामिल होंगे। बीरेंद्र सिंह हरियाणा की राजनीति में ट्रेजडी किंग के नाम से मशहूर हैं। बीरेंद्र सिंह जब-जब किसी बड़े राजनीतिक पद पर बैठे

**हाथ का दामन**

8 अब मंगलवार को बीरेंद्र सिंह अपने समर्थकों समेत दोबारा कांग्रेस में शामिल होंगे

तब-तब ब्रेक लग गई। अपने बयानों के लिए मशहूर बीरेंद्र सिंह की भले ही बांगर की धरती पर पहले जैसी राजनीतिक पकड़ नहीं रही हो लेकिन प्रदेश की राजनीति में वह एक बड़ा चेहरा हैं।कांग्रेस में रहते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विरोधी रहे बीरेंद्र सिंह अब भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नेतृत्व कबूल करके ही दोबारा कांग्रेस में एंट्री कर रहे हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस उन्हें हिसार लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाएगी। सोमवार को भाजपा के तमाम पदों से इस्तीफा देने के बाद बीरेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने तथा उनकी पत्नी प्रेम लता ने अपना इस्तीफा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेज दिया है। अब वह मंगलवार को दिल्ली में अपने समर्थकों समेत कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं।

# बच्चों को सुरक्षित लाने के लिए सुरजेवाला ने लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** रूस में फंसे कैथल, करनाल व फतेहाबाद के के नौजवनों के परिजन सोमवार को किसान भवन पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला से मिलने पहुंचे। कलायत से कांग्रेस नेत्री श्वेता ढुल के साथ आकर परिवारजनों ने रणदीप सुरजेवाला को अपनी व्यथा सुनाई। बच्चों को देश वापिस लेकर आने में मदद के लिए गुहार लगाई। मटौर गांव के 6 बच्चों के परिजन और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्वेता ढूल ने बताया कि मटोर के 6 बच्चे, 1 फतेहाबाद और 1 करनाल के बच्चे जिनसे रूस आर्मी में जबरदस्ती काम लिया जा रहा है। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें पीटा जाता है, लेकिन भाजपा सरकार और उनके नुमाइंदे इसमें कोई मदद नहीं कर रहे, अब सिर्फ आपसे ही उम्मीद बाकी है। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र

**मदद की गुहार**

8 युवाओं के परिजन सुरजेवाला से मिलने के लिए पहुंचे, सुरजेवाला ने विदेश मंत्री से मुलाकात के लिए मांगा समय

लिखकर मिलने का समय मांगा और बच्चों को सुरक्षित देश वापिस लाने के लिए स्थिति से अवगत करवाया।विदेश मंत्री जयशंकर को पत्र के माध्यम से रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि मैं यूक्रेन के रूसी कब्जे वाले क्षेत्र से हरियाणा के युवाओं को वापस लाने के लिए एक अत्यधिक मानवीय संकट में आपके तत्काल हस्तक्षेप की मांग करता हूं। सुरजेवाला ने विदेश मंत्री से तीन लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात करने का समय भी मांगा। रूस में फंसे युवाओं में से कैथल जिला के गांव मटर के 6 युवक शामिल हैं।

# शराब की ढुलाई के लिए हरियाणा में 45 रूट तय

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब की अवैध तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है, जिसे जिलों में सख्ती से लागू करें। अन्य राज्यों से अवैध शराब के रूप में एक बोतल भी प्रदेश से नहीं गुजरनी चाहिए। परमिट शुदा शराब की आवाजाही के लिए प्रदेशभर में 45 रूट निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित रूटों से ही अनुमति के साथ शराब लेकर जा सकते हैं। अन्य किसी भी रूट पर शराब की आवाजाही मिलने पर



वाहन और शराब को तुरंत सीज कर दी जाएगी। आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा सोमवार को सोनीपत में अधिकारियों के एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के अंतर्गत चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार अवैध शराब की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध है। उन्होंने कहा अवैध शराब पर पूर्ण लगाम के लिए राजस्व तथा एक्साईज और पुलिस विभाग को बेहतरीन तालमेल के साथ कार्रवाई करनी होगी। अवैध

**कार्रवाई**

8 45 रूट बनाए गए हैं। यदि एक भी जानकारी अथवा रूट की अनुपालना न मिले तो तुरंत सख्त कार्रवाई करें

शराब को लेकर चुनाव आयोग बेहद गंभीर है। इसके लिए विभाग ने क्यूआर कोड की व्यवस्था की है, जिसके माध्यम से उत्पादन तिथि, रवानगी, होलसेल व रिटेलर इत्यादि की पूर्ण सूचना प्राप्त की जा सकती है। चौबीस घंटे कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन सिस्टम से परमिट की जानकारी ली जा सकती है। मिसमैच मिलने पर फौरन कड़ी कार्रवाई करें। आयुक्त अशोक मीणा ने जानकारी दी कि बाहरी राज्यों से आने वाली अवैध शराब की रोकथाम के लिए ट्रांजिट स्लिप की व्यवस्था की गई है, जिसकी सहायता से सरलता से अवैध शराब की पहचान हो सकती है। एंट्री प्वाइंट पर ट्रांजिट स्लिप की जांच अवश्य करें, जिसमें हर प्रकार की आवश्यक जानकारी मिलेगी। इसके लिए 45 रूट बनाए गए हैं। यदि एक भी जानकारी अथवा रूट की अनुपालना न मिले तो तुरंत सख्त कार्रवाई करें।

## पुष्पेंद्र मलिक ने जीता हिंद केसरी खिताब

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** जुलाना क्षेत्र के जैजैवंती गांव के पहलवान पुष्पेंद्र मलिक ने हिमाचल के बलद्वारा में आयोजित कुश्ती दंगल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिंद केसरी का खिताब जीत कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोमवार को गांव पहुंचने पर विजेता पहलवान का जोरदार स्वागत किया जाएगा। पुष्पेंद्र मलिक के पिता रिसालदार कुलदीप मलिक ने बताया कि उनके परिवार का सपना था कि उनका बेटा ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। पुष्पेंद्र मलिक इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। पुष्पेंद्र मलिक इससे पहले नौ बार नेशनल में मेडल जीत चुका है।

# खालिस्तानी समर्थक बताने से किसानों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

फतेहाबाद: जिले में सोमवार को किसानों ने भूना थाने का घेराव करते हुए पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भूना थाना के एसएचओ द्वारा कथित तौर पर आंदोलनरत किसानों को खालिस्तानी समर्थक बताने से किसानों में काफी गुस्सा है। किसानों ने थाने के बाहर प्रदर्शन कर एसएचओ रामपाल से उनके द्वारा दिए गए ब्यान पर स्पष्टीकरण मांगा। प्रदर्शन का नेतृत्व पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने किया। प्रदर्शन कर रहे

**नारेबाजी**

8 घर पर आए और उनसे परिवार से उनके बारे में पूछते हुए कहा था कि वे खालिस्तानी समर्थकों का साथ दे रहे

किसान नेताओं ने कहा कि वे फसलों की एमएसपी और किसानों की कर्जा मुक्ति जैसी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक तरीके से अपना आंदोलन चल रहे है। कभी उन्हें उपद्रवी और कभी खालिस्तानी कहा जा रहा है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने पहले ही आह्वान कर दिया था कि 8 अप्रैल को वे भूना थाने का घेराव करेंगे। इसके बाद आज काफी संख्या में किसान भूना थाना के बाहर पहुंच गए। किसान नेता मनदीप नथवान, कमल बराड़, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश हसंगा के नेतृत्व में किसानों ने थाने के बाहर टैंट गाड़ कर धरना शुरू कर दिया और नारेबाजी की। किसान नेताओं ने बताया कि बीते दिनों एसएचओ के कथन को लेकर उनके खिलाफ भूना थाने में शिकायत दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इसलिए आज थाना घेरना पड़ा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती तो वे एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे। ओमप्रकाश हसंगा ने बताया कि 8 मार्च को वे किसानों के जत्थे के साथ दिल्ली कूच के लिए निकले थे। उन्हें हिसार के लांधड़ी टोल पर रोक दिया गया था। इसके बाद वे घर आ गए थे। उनका आरोप है कि अगले दिन सुबह भूना एसएचओ अपनी टीम के साथ उनके घर पर आए और उनसे परिवार से उनके बारे में पूछते हुए कहा था कि वे खालिस्तानी समर्थकों का साथ दे रहे हैं।

# साइबर पुलिस ने वांछित 22 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** साइबर अपराधियों पर नकेल कसते हुए एसीपी साइबर क्राइम अभिमन्यु गोयत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए तीनों जोन की साइबर थाना प्रभारियों की टीमों के द्वारा कार्रवाई करते हुए 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विकास दिल्ली उत्तम नगर का, आरोपी राजपाल दिल्ली शकूरबस्ती का, आरोपी तनवीर उत्तर प्रदेश के शहजादपुर का, आरोपी हितेश मध्यप्रदेश के धार जिले का, आरोपी जयपाल मध्य प्रदेश के देवास जिले का, आरोपी संदीप मध्य प्रदेश के इंदौर जिले का, आरोपी उमेश कुमार मध्य प्रदेश के छिन्दवाडा जिला का, आरोपी अंकुर कुमार उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले का, आरोपी कुणाल कुमार गुजरात के गांव गढा का वर्तमान में गुरुग्राम के सेक्टर 90 का, आरोपी खालिद और आरोपी लियाकत अली गांव खंदावली के, आरोपी उभय दास, नरहरि, गणेश चंद्र तीनों आरोपी उड़ीसा के



बालासोर जिले के, आरोपी पुष्पेंद्र बल्लभगढ़ आर्य नगर का, आरोपी राहुल कुमार दिल्ली नजफगढ़ का, आरोपी नीतीश उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले का, आरोपी राजा दिल्ली के पश्चिम विहार का, आरोपी दीपांशु नांगलोई दिल्ली का, आरोपी आशीष मध्य प्रदेश के देवास जिले का तथा आरोपी धर्मेंद्र मध्य प्रदेश के देवास जिले का रहने वाला है। जिन्हें दिल्ली एनसीआर, यूपी, मध्य प्रदेश, गुजरात इत्यादि स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार साइबर पुलिस ने इस सप्ताह 29 मार्च से 4 अप्रैल 2024 तक साइबर अपराध के 9 मुकदमों में 22 आरोपी गिरफ्तार कर 31,24,271 रुपए बरामद किए है।

# पासवर्ड चोरी: गालियां लिखने के मामले में दो और अरेस्ट

**स्वागत किया**

8 दोनों के कब्जे से दो मोबाइल बरामद, प्रोग्रामर व उसके साथी को पुलिस पहले ही कर चुकी है काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल: आम आदमी** पार्टी की ओर से चुनावी रैली के लिए मांगी गई परमिशन के ऑनलाइन आवेदन को रद्द करने और गालियां लिखने के मामले में गिरफ्तार एसडीएम कार्यालय के प्रोग्रामर और उसके साथी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उनके दो और साथियों को



गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से दो मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। जिन का प्रयोग निर्वाचन आयोग का पोर्टल खोलने के लिए किया गया था। सोमवार को दोनों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले शनिवार को पुलिस इस मामले में राधास्वामी कालोनी कैथल निवासी शिवांग व प्रवीन को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सोमवार को मामले की जांच करते हुए साइबर क्राइम पुलिस के इंस्पेक्टर इंदर सिंह ने उनके साथी आशीष तथा टयौंठा निवासी विशाल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। जिन का प्रयोग निर्वाचन आयोग का पोर्टल खोलने के लिए किया गया था। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने बताया कि एआरओ कैथल की शिकायत अनुसार 3 अप्रैल को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जनसभा की अनुमति लेने बारे किए गए आम आदमी पार्टी के आवेदन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने व गलियां लिखने में उनके लिए साथी भी शामिल थे। बता दें कि 3 अप्रैल को आआपा की ओर से रैली की अनुमति के लिए किए गए एक आवेदन पर गलत टिप्पणी की गई थी व दूसरे पर गालियां लिखी गई थी। इस मामले की जांच करते हुए साइबर क्राइम पुलिस ने शनिवार को एआरओ कार्यालय के प्रोग्रामर शिवांग और उसके प्रवीण को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अब दो अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल मामले की जांच

## दो गांवों के किसानों की 18 एकड़ में खड़ी गेहूं जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** गढ़ी पट्टी व खिरवी गांव में सोमवार को गेहूं की खड़ी फसल व भूसे में आग लगने से किसानों का काफी नुकसान हो गया। खिरवी गांव में जहां 18 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल गई, वहीं गढ़ी पट्टी गांव में कई एकड़ का भूसा जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार खिरवी गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव के किसानों की खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि एक खेत से दूसरे में पहुंचने में चंद सेकेंड का समय ले रही थी।

# ऐतिहासिक डेरा बाबा परमहंस पुरी सूर्यकुंड काली माता मंदिर में चैत्र मेला शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** सोमवती अमावस पर स्नान के बाद से कैथल के माता गेट के ऐतिहासिक डेरा बाबा परमहंस पुरी सूर्यकुंड काली माता मंदिर में मेला शुरू हो गया है। दो दिनों तक चलने वाले मेले में चैत्र मास की अमावस्या व पहले नवरात्र पर न केवल हरियाणा से बल्कि पंजाब, राजस्थान सहित अन्य प्रांतों से बाजीगर समाज के लोग पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। मेले को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। सिटी थाना क्षेत्र में आने वाले इस मेले को लेकर पुलिस प्रशासन की तरफ से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। महंत



डेरे के महंत रमन पुरी महाराज ने बताया कि मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले के चारों तरफ सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। भक्तों के लिए 40 जगहों पर भंडारे की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ-साथ सुरक्षा के भी उचित प्रबंध पुलिस प्रशासन के सहयोग से रहेगा। मेले को लेकर सेवादारों की भी अलग-अलग ड्यूटी लगाई गई है। प्रसाद सहित खिलौनों की दुकानें भी मेले के चारों तरफ खोली गई हैं, जिससे भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी न आए। महंत रमन पुरी ने बताया कि बाजीगर समाज के लोग माता काली को अपनी कुलदेवी मानते हैं, जिस कारण यहां साल में एक बार ये लोग पूजा अर्चना के लिए जरूर आते हैं। इसके अलावा नव विवाहित जोड़े यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

## मतदान: एक साथ उठे साढे.आठ लाख हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** लोकतंत्र के महापर्व से पहले फरीदाबाद की धरती सोमवार को एक अनूठी पहल की साक्षी बनी। मौका था 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प का। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह द्वारा की गई इस पहल में आठ लाख से ज्यादा लोग जुड़े। सभी ने एक साथ अपने-अपने प्रतिष्ठानों, स्कूलों, कालेजों, उद्योगों, कार्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों आदि में एकत्र होकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। 18 वर्ष से ऊपर के नागरिकों ने जहां मतदान का संकल्प लिया, वहीं स्कूली बच्चों ने अपने परिजनों व आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# महिलाओं ने भाजपा नेताओं को कॉलोनी में न घुसने देने का किया ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** फ्रेंड्स कालोनी गली नंबर दो तीन व बाईपास पर रहने वाले लोग लंबे समय से पीने के पानी का टोटा झेल रहे हैं। सोमवार को कॉलोनी की महिलाओं ने हाथों में खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन किया। वोट मांगने आए भाजपा के नेताओं को कॉलोनी में न घुसने देने का ऐलान किया। कालोनी वासी वेदप्रकाश, शमशेर सिंह, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, संजीव कुमार, प्रेम चंद, राजकुमार, जयदयाल, भगवान दास, बलवान सिंह, अशोक कुमार, सुभाष, शमेशर सिंह आदि का आरोप था कि देश में विकास के दावे करने वाली भाजपा सरकार उनकी कालोनी में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करवा पाई है। ऐसे में वे चुनाव में भाजपा को ना तो वोट करेंगे और वोट मांगने आए लोगों को कालोनी से भगा देंगे। कालोनी के लोगों का आरोप है कि वे पिछले करीब एक महीने से पीने के



पानी की समस्या से परेशान हैं। वे अपना दुखड़ा जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सियन, एसडीओ, जेई से लेकर लाइनमेन तक के आगे रो चुके हैं लेकिन उन्हें आज तक भी पीने का पानी नसीब नहीं हुआ। कालोनी के लोगों की मांग है कि फेंड्स कालोनी में वाटर सप्लाई का पानी चालू करवाया जाए। गयोंग ड्रेन में छोड़े जाने वाले सीवरेज के पानी की सप्लाई बदं की जाए। कालोनी के लोगों का आरोप है कि एक्सियन से लेकर एसडीओ, जेई तक ने उन्हें आश्वासन तो खूब दिए लेकिन उन्हें आज तक पीने का पानी नहीं मिला। अगर 8-10 दिन बाद पानी आ भी जाए तो वह सीवरेज का बदबूदार पानी पीने की सप्लाई में आता है। कालोनी के करीब 200 घरों के हजारों लोग पीने के पानी की समस्या से दुखी हैं लेकिन विभाग लंबी तानकर सोया हुआ है।जन स्वास्थ्य विभाग के एसई अशोक खंडूजा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनका बकायदा वाटर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगा हुआ। ऐसे में भला उनका विभाग ड्रेन में सीवरेज का गंदा पानी क्यों छोड़ेगा।

उन्होंने पेयजल संबंधी आ रही समस्या के बारे में कहा कि कई बार टैंकों में पानी की कमी के चलते पेयजल की समस्या तो हो सकती है लेकिन ऐसा नहीं है कि कालोनी में बिल्कुल ही पेयजल की सप्लाई ना होती हो। उन्होंने कहा कि फिर वे मौके पर अधिकारियों को भेजकर मामले की जांच करवाएंगे।

**प्रदर्शन**

8 सोमवार को कॉलोनी की महिलाओं ने हाथों में खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन किया

## न्यूज फ्लैश

### वर्ल्ड हेल्थ डे पर आयोजित साइक्लोथॉन में 145 राइडर्स ने लिया भाग

**पंचकुला: वर्ल्ड** हैल्थ डे के अवसर पर शहर में आयोजित तमाम फिटनेस गतिविधियों के बीच साईक्लोथॉन का भी आयोजन किया गया जिसमें चंडीगढ़ ट्राईसिटी के लगभग 145 साईकलिस्टों ने भाग लिया और अपनी फिटनैस का परिचय दिया। डेयरडेविल्स द्वारा आयोजित इस साईक्लोथॉन में ट्राईसिटी के विभिन्न साईकलिंग ग्रुप्स विशेषकर ह्यदिल सेह्ल साईकलिस्टों ने भाग लेकर आयोजन का सफल बनाया। 21 किलोमीटर की यह साईक्लोथान पारस होस्पिटल से शुरू होकर रामगढ़ से यूटर्न लेकर विभिन्न सेक्टरों से गुजरते हुये होस्टिपटल में ही सम्पन्न हुई। साईकलिस्ट अमित गर्ग ने साइक्लोथॉन को लीड किया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को साइकिलिस्टों को साइकिलिंग के प्रति सजग करने का संदेश देना था जिसके लिये इस व्यापक भागीदारी ने इस मकसद को अंजाम दिया। आयोजन से पूर्व जुम्बा सेशन के दौरान प्रतिभागियों को कुछ सरल व्यायाम के टिप्स भी दिये गये जिससे वे अपने दिन की शुरूआत कर सकते हैं। साइक्लोथॉन के अंत में पारस हॉस्पिटल के प्रमुख संदीप नागर ने सभी प्रतिभागियों को मेडल्स देकर सम्मानित किया।

### रियलमी ने रियलमी 12 एक्स 5 जी लॉन्च किया

**लुधियाना:** भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12७ 5जी लॉन्च किया। रियलमी नंबर सीरीज का यह नया स्मार्टफोन कंपनी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है,जो इसके मेक इट रियल के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों के अनुरूप है।एंट्री-लेवल 5 जी किलर के रूप में रियलमी 12 5 जी यूजर्स को अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। यह 45वाट सुपरवूक चार्जिंग और 5000 एम् ऐ एच की शक्तिशाली बैटरी के साथ भारत में अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है। इसमें एयर जेस्चर कंट्रोल अपने सेगमेंट में पहली बार दिया गया है।इस स्मार्टफोन में अपने सेगमेंट में 120हट्‌र्ज के सर्वाधिक रिफ्रेश रेट और 800 निट्स की ब्राइटनेस के साथ सेगमेंट का सबसे ब्राइट डिस्प्ले है।इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6100 प्लस 5 जी चिपसेट लगा है और अपने सेगमेंट का पहला वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम भी दिया गया है।यह फैशन से प्रेरित डिजाइन के साथ 7.69 मिमी पतली सुपर स्लिम बॉडी के साथ आता है। इसमें 50एम् पी के ऐ आई कैमरा,2 एम् पी के सेकंडरी कैमरा और 8 एम् पी के सेल्फी कैमरा के साथ एक शानदार कैमरा सेटअप है।इसके अलावा इसमें आई पी 54 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टेंस,ड्युअल स्टीरियो स्पीकर और 128 जी बी की विशाल स्टोरेज क्षमता के साथ 8 जी बी प्लस 8 जी बी की डायनामिक रैम जैसी अन्य फ्लैगशिप विशेषताएं भी शामिल हैं।

### ट्रेंड्स ने रामपुरा फुल्ल में खोला अपना स्टोर

**भटिंडा:** देश की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पैशलिटी चैन - ट्रेंड्स ने पंजाब में अपना विस्तार करते हुये भटिंडा जिले के रामपुरा फुल्ल में अपना स्टोर खोला है। कंपनी ने देश में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 शहरों तथो छोटे छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क मजबूत कर फैशन को घर घर पहुंचाने का प्रयास किया जबकि ट्रेंड्स भारत का मनपंसद फैशन स्थल है। 6443 स्केयर फीट में फैला यह स्टोर आधुनिक शैली में बनाया गया है और यहां फैशन का सामान किफायती दरों पर उपलबघ है। कंपनी ने ग्राहकों के लिये शुरूआत ऑफर की भी पेशकश की है। ऑफर में 3999 रुपये की शॉपिंग पर 249 रुपये के उपहार प्राप्त किये जा सकते हैं।

# मिशन बुनियाद करियर की ऊंचाइयों को उड़ान देने का माध्यमः सुदेश ढुकराल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा स्कूल** शिक्षा विभाग की ओर से डाण मंगलसेन सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ढुकराल के मार्गदर्शन एवं विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्तरीय बुनियाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं लेवल 3 की परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने बताया कि बुनियाद लेवल थ्री परीक्षा एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 294 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्होंने लेवल 2 की परीक्षा पास की थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन मिश्रा ने



शिरकत की। उन्होंने कहा की बुनियाद के माध्यम से बच्चे अपने करियर की उड़ान भर लेते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ढुकराल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार की बड़ी महत्वपूर्ण योजना है जो विकल्प फाउंडेशन की ओर से चलाई जा रही है। बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग की ओर से 9वीं कक्षा से ही बच्चों को जेईई व नीट की परीक्षा के लिए तैयार किया जाता है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने कहा कि बच्चों के शैक्षिक विकास को तेजी से ट्रैक करने के लिए मिशन बुनियाद की शुरूआत की गई है। एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं से बच्चों के अंदर छिपी अपार प्रतिभाएं उभर कर सामने आती हैं। नौवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न स्कूलों से आए प्रिंसिपल, सभी ब्लॉकों से आए खंड शिक्षा अधिकारियों एवं अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

मिशन बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल ने बताया कि जिला करनाल में बुनियाद के पांच केंद्र संचालित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद आपकी ऊंचाइयों को उड़ान देने का एक माध्यम है। मंच संचालन इशा चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ढुकराल, पूर्व डीईओ राजपाल चौधरी, विकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन मिश्रा, मिशन बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दीपक वर्मा, जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल, मीडिया समन्वयक दलीप सिंह, विकल्प फाउंडेशन जिला कोर्डिनेटर श्रवण, अरुण कैहरवा, बीईओ इंद्री मंजू सरदाना, बीआओ करनाल सीमा मदान, बीईओ बलजीत सिंह, प्रिंसिपल संदीप कौर, सरला सांगवान, एबीआरसी ईशा चौधरी, शैलजा गुप्ता, पूजा, निशा कांबोज, प्रीति, मनजीत सिंह, विनोद कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्री शिव सनातन मंदिर में 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। श्री शिव** सनातन मंदिर सैक्टर 9 में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। जिसमें मंदिर कमेटी के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ आम भक्तजनों ने भी भारी संख्या में हिस्सा लिया। मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री रामायण पाठ का समापन हुआ। उसके उपरांत नारंग जागरण पार्टी द्वारा गाए गए भजनों ने समां बांधा। भोले बाबा, माता पार्वती एवं बजरंगबली जी की झांकी से उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इसके अतिरिक्त हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। एवं इसके उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रधान राहुल बाली ने कहा कि श्री सनातन मंदिर इस बार अपना 18वां स्थापना दिवस मना रहा है। जिसमें भक्तों का भारी जमावडा हमेशा रहता है। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को बहुत ही सुंदर सजाया जाता है। इस अवसर राहुल राव, कांग्रेस नेता सुमिता सिंह, सरदार त्रिलोचन सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी पहुंचे। मंदिर कार्यकारिणी में प्रधान राहुल बाली के अतिरिक्त जितेन्द्र शर्मा, विजय मेहता, टैगोर नाथ अवस्थी, पी,स मेहता, विनोद मेहता, आनन्द शर्मा, राजीव मेहता, भूपेन्द्र मेहता, पवन शर्मा, आशीष बाली, अरूण शर्मा सहित बहुत से सदस्य उपस्थित हुए।

## नमो-नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा शिव शक्ति महायज्ञ आज से

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरूक्षेत्र: नमो नमो** संगठन ट्रस्ट द्वारा चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में शिव शक्ति महायज्ञ 9 अप्रैल से आरम्भ होगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में मंगलवार,9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक शिव शक्ति महायज्ञ अनुष्ठान चलेगा जिसमें 11 ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन सुबह 7 बजे सर्वदेव पूजन,9 बजे मां दुर्गा स्नान,10 बजे दुर्गा सप्तशति पाठ,सांय 4 बजे हवन और 7:30 बजे महाआरती होगी। जनकल्याणार्थ करवाए जा रहे इस अनुष्ठान की अध्यक्षता नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना करेंगे जबकि 52 शक्तिपीठों के प्रतीकस्वरूप 52 कन्याओं का पूजन प्रतिदिन महासचिव पंडित राजेश मौदगिल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां हो चुकी हैं। अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी अमन शर्मा,वंदन जैन,दिनेश जिंदल,नरेश सैनी,एडवोकेट गौरव शर्मा,बालकृष्ण शर्मा,पृथ्वी शर्मा और गोपाल शर्मा आदि जुटे हुए हैं।

## गांव-गांव में चल रही भाजपा की लहरः आनन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। कुरुक्षेत्र भाजपा** के प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि आज गांव.गांव में भाजपा की लहर चल रही है। हर गली, नुक्कड, चौक-चौराहो पर भाजपा की केंद्र ओर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की सराहना हो रही है। भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने के बाद देश व प्रदेश नई बुलंदियों को हासिल करेगा। जगमोहन आनंद आज करनाल विधानसभा के गांव काछवा में एडवोकेट जगदीप सिंह के निमंत्रण पर उनके निवास पर रोड़ समाज के प्रमुख लोगों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई और देश में पुनः तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने, करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश का नाम विश्वस्तर पर ऊंचा हुआ है। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने जो कमाल पिछले साढे 9 सालों में किया है वह भी प्रदेश की जनता के सामने है। प्रदेश के कोने-कोने तक विकास हुआ है और अब करनाल की जनता मनोहर लाल को लोकसभा में भी रिकार्ड जीत दिलवाएगी वहीं करनाल विधानसभा से मुख्यमंत्री नायब सैनी भी प्रचंड मतों से जीत हासिल करेंगे। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, कलामपुरा के पूर्व सरपंच एवं रामनगर मंडल के महामंत्री बंसी लाल, जोगिंद्र प्रधान, बलविंद्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, कृष्ण लाल, सुरेश चंद, सुभाष चंद, गजराज, बलकार, राजकुमार, चंद्रभान, महावीर, परमजीत एवं श्यामलाल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चुनाव के दौरान प्रयोग होने वाली 195 वस्तुओं के ने किए रेट निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव की प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले खर्च के आंकलन के लिए जिला प्रशासन द्वारा चुनाव में प्रयोग होने वाली लगभग 195 वस्तुओं के रेट निर्धारित किए हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के वाहन जैसे लग्जरी गाडि ?ां, थ्री व्हीलर, ई रिक्शा, ट्रक, टेंपो, टेंट से संबंधित आईटम्स, लेखन सामग्री, रिफ्रेशमेंट से संबंधित खाद्य सामग्री, विज्ञापन व प्रचार सामग्री तथा अन्य फुटकर वस्तुएँ शामिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा उम्मीदवार के लिए चुनाव खर्च को 95 लाख रुपये तथा विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के लिए खर्च को 40 लाख रुपये तक सीमित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव में प्रयोग होने वाली इन सभी वस्तुओं की दर निर्धारित करने के लिए जिला प्रशासन की कमेटी ने बाजार रेट की विस्तृत समीक्षा की है तथा किराए पर ली जाने वाली वस्तुओं का रेट निर्धारित करते समय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के रेटों को भी ध्यान में रखा गया है। उन्होंने बताया कि कमेटी द्वारा चुनाव में प्रतिदिन के हिसाब से प्रयोग किए जाने वाले वाहनों जैसे जीप के लिए 1300 रुपये, स्विफ्ट/इंडिगो एक हजार रुपये, टैंपो एक हजार रुपये, स्कोर्पियो 2 हजार रुपये, इनावो



3 हजार रुपये, थार/जैगुआर/आॅडी/एम्जी हैक्टर/मर्सिडिज बैंज/लैंड रॉवर रेंज रॉवर/बीएमडबल्यू के लिए 5 हजार रुपये निर्धारित किए हैं। इसी प्रकार वोल्वो बस 20 सीटर के लिए 5 हजार रुपये, 32 सीटर के लिए 6 हजार रुपये, 48 सीटर वोल्वो बस के लिए 7 हजार रुपये तथा ट्रैक्टर ट्रॉली के लिए 2 हजार रुपये प्रतिदिन निर्धारित किए गए हैं तथा सामान्य बस के लिए क्षमता अनुसार 3 हजार से लेकर 6 हजार रुपये प्रतिदिन तय किए गए हैं। इसी प्रकार दस पहिया ट्रक के लिए 6 हजार रुपये, 14 पहिया ट्रक के लिए 6500 रुपये तथा 18 पहिया व इससे अधिक के लिए 8 हजार रुपये प्रतिदिन रेट निर्धारित किया गया है। ई-रिक्शा के लिए 800 रुपये, थ्री व्हीलर के लिए 1200 रुपये, ईको वैन के लिए 2200 रुपये तथा टाटा 407 व छोटा हाथी के लिए 3500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से कमेटी द्वारा रेट निर्धारित किया गया है। इन रेटों के अतिरिक्त ड्राईवर के मानदेय 800 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से तय किया गया है। उपायुक्त ने टैंट इत्यादि आईटमों के रेट बारे में बताया कि मेज का किराया 35 रुपये प्रतिदिन, मेज कवर 25 रुपये, मेज फ्रिल 25 रुपये, कुर्सी 15 रुपये, कुर्सी कवर 10 रुपये, सीलिंग 15 बाई 15 - 390 रुपये, दरी 30 रुपये, पंखा 200 रुपये, पानी वाला पंखा 300 रुपये, एसी 3500 रुपये, कालीन 60 रुपये, सोफा कवर सहित 400 रुपये तथा सोडियम लाईट 275 रुपये प्रतिदिन रेट निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार प्रचार में प्रयोग होने वाले फलैक्स का रेट भी 10 रुपये प्रति वर्ग फुट से लेकर 30 रुपये प्रति वर्ग फुट तक निर्धारित किया गया है।

## थारा असली फूफा जिन्दा भी है और नाराज भीः जयहिंद



**पानीपतः नवीन** जयहिंद और उनके साथी सोमवार को पानीपत में नशे और बेरोजगारी के खिलाफ कावड़ यात्रा लाने पर दर्ज मामले की सुनवाई में पेश हुए । जज प्रदीप चौधरी की कोर्ट मे केस की सुनवाई हुई और अगस्त में अगली तारीख दी गई है। जयहिंद ने पत्रकारों को बताया कि उनकी यात्रा नशे के खिलाफ और बेरोजगारी को लेकर थी । युवाओं में बढ़ रहा नशा और अपराध चिंता का विषय है। ऐसे मे सरकार और समाज को मिल कर इसे खत्म करने के लिए कदम उठाना चाहिए। उनकी ये यात्रा पूरी तरह से समाज को समर्पित थी। और वो भोलेनाथ के भगत है व आगे भी इस तरह से वो कावड़ यात्रा लाते रहेंगे। इस मौके पर पत्रकारों द्वारा एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही "थारा फूफा जिंदा है" सीरीज को सवाल पूछा तो जयहिंद ने बताया कि उनका न तो इस एप से कोई लेना देना है और न ही इस सीरीज से । उन्होंने प्रदेश के बुजुर्गों, दिव्यांगो और विधवाओं के लिए मुहीम चलाई थी जिसका नाम "थारा फूफा जिंदा है" रखा गया। इस मुहिम का नेतृत्व 104 वर्षीय दादा दुलीचंद ने किया था लेकिन ओटीटी एप वालों ने तो उनसे कोई संपर्क किया और नहीं दादा दुलीचंद से। कोई धन का चोर होता है कोई मन का चोर कोई तन का लेकिन एप वाले तो कंटेंट चोर निकले। परिवार पहचान पत्र में हुई गड़बड़ को लेकर के यह मुहिम पूरे प्रदेश में चली थी और देश-विदेश की मीडिया ने इसे कवर किया था।

## आश्रम वाली गली में भजन संध्या का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः रविवार** शाम को पटेल नगर खादी आश्रम वाली गली में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस भजन संध्या में शांति प्रेम मंदिर से साध्वी पूनम दीदी ने शिरकत की। भजन संध्या में साध्वी पूनम दीदी ने सभी को आने वाली नवरात्रि की बधाई दी और मां भगवती के भजनों का गुणगान किया। पूनम दीदी द्वारा गाए गए भजनों को सभी ने ध्यान पूर्वक सुना। साध्वी पूनम दीदी द्वारा गाए गए भजन सुनो मैया रानी मेरी भी कहानी किसको सुनाऊं है महारानी भजन सुनकर सभी भक्तजन मां की महिमा का गुणगान करने लगे।



साध्वी पूनम दीदी ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान के प्रति भाव जताने का सुनहरा मौका मिलता है और अब मातारानी की नवरात्रि शुरू हो रही है इस दिन हमे माता रानी के प्रति श्रद्धा भाव से सच्चे मन से व्रत रखकर लगातार जाप करना चाहिए जिससे हमारे तन मन को शांति मिलती है और सभी कष्ट दूर होते हैं। इस भजन संध्या में पटेल नगर वासी मौजूद रहे।

## 20 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव 2024 के चुनाव को लेकर जारी किए गए शड्यूल के अनुसार हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। इस चुनाव के दौरान करनाल लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 81 हजार 560 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 10 लाख 95 हजार 941 पुरूष तथा 9 लाख 85 हजार 582 महिला मतदाता और 37 ट्रासजेंडर मतदाता शामिल है। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल 2023 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनमें से 1147 मतदान केंद्र करनाल जिला में तथा 876 मतदान केंद्र पानीपत जिला में स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि करनाल जिला में अब तक कुल 11 लाख 86 हजार मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो चुका है। इनमें 6 लाख 18 हजार 599 पुरूष तथा 5 लाख 67 हजार 449 महिला मतदाता तथा 23 ट्रांसजेंडर शामिल है।

**चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक दाखिल किए जा सकेंगे नामांकन पत्र**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा प्रदेश में चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल हो जाएगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेगे। नामांकन पत्रों की जांच पडताल 7 मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून 2024 को मतगणना होगी। आगामी 6 जून 2024 चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है।

**मतदाता बिना भय व बिना लालच के अपने मत अधिकार का प्रयोग करें**

उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वह बिना भय व बिना लालच के अपने मत अधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है।

## इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में किया कमाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के परीक्षा परिणामो में किया कमाल। इतिहास विभाग के विद्यार्थियों के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संजू अबरोल ने की और विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल ने कहा कि महाविद्यालय में पहली बार एम. ए इतिहास विषय ओपन हुआ जिसमे 7 अध्यपक नियमानुसार होने चाहिए जबकि हमारे पास केवल दो ही



अध्यपक एसोसिएट प्रोफेसर दलबीर सिंह और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ही उपलब्ध हैं। दोनों प्रोफेसरो का मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कठिन मेहनत का फल ये शानदार रिजल्ट है। इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर दलबीर सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में एम. ए प्रथम समेस्टर में महाविद्यालय के इतिहास विभाग की छात्रा शिवानी सुपुत्री सुरेश ने 397/500 अंक प्राप्त करके कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।एम. ए प्रथम समेस्टर की छात्रा खुशबू सुपुत्री जोगीन्द्र ने महाविद्यालय 358/500 अंक के साथ दूसरा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्रा वर्षा सुपुत्री महावीर ने प्रथम समेस्टर में महाविद्यालय में 348/500 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एम. ए इतिहास प्रथम समेस्टर में महाविद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दूसरी तरफ इतिहास विभाग के तृतीय समेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र परीक्षा परिणाम में अतुलनीय परिणाम प्राप्त किए हैं। इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि प्रथम समेस्टर के साथ-साथ एम. ए तृतीय समेस्टर में इतिहास विषय की छात्रा मीना सुपुत्री रोशन लाल ने 373/500 अंक प्राप्त करके महाविद्यालय में प्रथम और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में चौथा स्थान प्राप्त किया है।मीना सुपुत्री रोहन लाल ने गत वर्ष प्रथम समेस्टर में 340/500 अंको के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चौथा और दूसरे समेस्टर में 368/500 अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया था। महाविद्यालय के इतिहास विभाग की तृतीय समेस्टर की छात्रा सिखा सुपुत्री अशोक ने 353/500 अंको के साथ महाविद्यालय में दूसरा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया वहीं तृतीय समेस्टर की छात्रा अक्षमा सुपुत्री सुल्तान सिंह ने महाविद्यालय में 344/500 अंको के साथ महाविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## रंगमंच कला संगम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** हरियाणा प्राइम न्यूज द्वारा किले के नीचे रंगमंच कला संगम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में शहरी विधायक प्रमोद विज,भाजपा नेता सुरेंद्र रेवड़ी,पूर्व मेयर सरदार भूपेंद्र सिंह, पूर्व मेयर अवनीत कौर,कांग्रेस नेता मुकेश टुटेजा , बिक्रम शाह,कांग्रेस नेत्री नीरजा बाहरी, कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल,कांग्रेस नेता वरुण विज (चिंटू),समाजसेवी विक्की कत्याल,पूर्व पार्षद अशोक कटारिया, अनिल बजाज, अशोक नारंग, रविंद्र भाटिया, भाजपा नेता



हिमांशु शर्मा और शहर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ शहर के बाजारों के प्रधान मुख्य रूप से मौजूद रहे?। हरियाणा प्राइम न्यूज द्वारा लगाए गए इस रक्तदान शिविर में 147 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर पहुंचे मुख्य अतिथियों ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा दान है जो हम ऐसे इंसान के लिए दान करते हैं जिन्हें हम जानते तक नहीं रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता।

## संपादकीय

# पूर्ण वैज्ञानिक है भारतीय कालगणना

**भारतीय** नववर्ष का आरम्भ 09 अप्रैल को हो रहा है। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा शक-विजय की स्मृति में आरम्भ संवत अपने 2080 वर्ष व्यतीत कर 2081वें वर्ष में प्रवेश करेगा। प्रायः आधुनिक कहलाने वाले अंगरेजीदां लोगों के मध्य यह प्रश्न उठता है कि हमारी भारतीय गणना कितनी सटीक, सही व वैज्ञानिक है? सच यह है कि अंग्रेजी शासन के चलते आज विश्व में मानक बनी ईसवी कालगणना न तो वैज्ञानिक है, न ही काल के वास्तविक समय से मेल खाने वाली। इसका प्रकृति से तो दूर का भी संबंध नहीं है। इस कालगणना का एक मात्र आधार पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा में लगने वाला समय है। किन्तु यह भी इतना अपूर्ण है कि विश्व को प्रायः अपनी घड़ियां आगे-पीछे करते रहनी पड़ती हैं। इसके विपरीत भारतीय कालगणना में सृष्टि के प्रारम्भ से अब तक 100वें भाग का भी अंतर नहीं आया है। सामान्यतः गणनाकारों द्वारा कालगणना करते समय पृथ्वी के अपनी धुरी पर संचरण की अवधि को दिवस; चंद्रमा के पृथ्वी की परिक्रमा की अवधि को मास तथा; पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की अवधि को वर्ष मान काल के मान निर्धारित किये हैं। किन्तु यह मान काल अनुमान भले ही कर लें, काल का शुद्ध मान ज्ञात करने में सर्वथा असमर्थ हैं। कारण, पृथ्वी की सूर्य की परिक्रमा का काल 365.25 दिवस है। चन्द्रमा की पृथ्वी की परिक्रमा का काल भी 28 से 30 दिवस है। दूसरे पृथ्वी की संगति कर सूर्य की भी परिक्रमा कर रहे चंद्रमा का अपना परिपथ भी समरेखीय नहीं। यही कारण है कि गणनाकारों को इसके परिपथ का विचारण करते समय तिथिवृद्धि या तिथिलोप करते रहना पड़ता है। इसके अलावा पृथ्वी के अपने अंश पर 27 अंश झुके होने के कारण यहां भी सदैव दिन-रात समान नहीं रहते। ऐसे में काल का शुद्ध मान ज्ञात करने के लिए किसी एक पद्धति के स्थान पर भारतीय गणनाकार- सौरगणना, चन्द्रगणना, सप्तर्षि कालमान आदि अनेक पद्धतियों का सहारा लेकर काल का शुद्ध मान निकालते हैं। यह दुरूह तो है, किन्तु है इतना सटीक कि आज तक इसमें निमिष भर का अंतर भी नहीं आया। दूसरी ओर ईसवी कालगणना मूलतः उस जूलियन कलेंडर का परिवर्तित परिवर्धित रूप है जिसे रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने लागू किया था। 45 ई0पू0 से लागू हुआ यह कलेंडर आरम्भ में 8 दिन के सप्ताहवाला था। इसमें एक वर्ष 304 दिन का 10 महीनोंवाला था। (चोंकानेवाला तथ्य यह भी कि इस दसमासी कलेंडर के 7वें माह का नाम सेप्टेंबर (सप्तअम्बर), आठवें का ओक्टोबर (अष्टअम्बर), नवें का नवम्बर (नवअम्बर) व दसवें का दिसम्बर (दसअम्बर) नाम था।) जूलियस सीजर ने इसमें अपने नाम से जुलाई तथा सीजर अगस्ट्स के नाम से अगस्त माह से जोड़ इसे 360 दिन का बना दिया। 1582 में कैथोलिक देशों का इस कलेंडर से परिचय होने के बाद अंततः 1739 में इंगलेंड ने स्वीकार किया और 1752 तक ब्रिटिश-अमेरिका आदि ब्रिटिश उपनिवेश में इसे स्वीकारा गया। अनेक विद्धान तो इसमें भी समय का 24 घंटा विभाजन भारतीय होराकाल (ढाई घड़ी का एक होरा माना जाता है) को ही इस कलेंडर में गृहीत हॉवर/ऑवर मानते हैं। इसके विपरीत भारतीय गणनाकार पृथ्वी-सूर्य के परिक्रमा पथ के साथ-साथ पृथ्वी पर सीधा प्रभाव डालने वाले पृथ्वी-चंद्र परिपथ को दृष्टिगत रख, इसे 360 अंश में बांट इसका 27 नक्षत्रों में पुनः विभाजन कर तथा उसमें भी पल-विपल की बारीकियों को ध्यान रखने काल की गणना करते हैं। इस कालगणना को अवैज्ञानिक बताया जाना कालगणना का नहीं विज्ञान का अपमान करने के तुल्य है।

# क्यों हम करें शक्ति आराधना?

डॉ नीलम महेन्द्र

> "चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा यानी नव संवत्सर का आरम्भ। ऐसा नववर्ष जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा होता है। एक तरफ पेड़ पौधों में नई पत्तियां और फूल खिल रहे होते हैं तो मौसम भी करवट बदल रहा होता है। शीत ऋतु जा रही होती है, ग्रीष्म ऋतु आ रही होती है और कोयल की मनमोहक कूक वातावरण में रस घोल रही होती है। देखा जाए तो प्रकृति हर ओर से नवीनता और बदलाव का संदेश दे रही होती है। की आराधना का होता है जिसे नवरात्र के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक देवी माँ के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। लोग अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार इन दिनों उपवास रखते हैं"

**सनातन** संस्कृति की महानता है कि इसमें अत्यंत गहरे और गूढ़ विषयों को जिनके पीछे बहुत गहरा विज्ञान छिपा है उन्हें बेहद सरलता के साथ एक साधारण मनुष्य के सामने प्रस्तुत किया जाता है।

नवरात्र मात्र उपवास और कन्याभोज नहीं है

चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा यानी नव संवत्सर का आरम्भ। ऐसा नववर्ष जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा होता है। एक तरफ पेड़ पौधों में नई पत्तियां और फूल खिल रहे होते हैं तो मौसम भी करवट बदल रहा होता है। शीत ऋतु जा रही होती है, ग्रीष्म ऋतु आ रही होती है और कोयल की मनमोहक कूक वातावरण में रस घोल रही होती है। देखा जाए तो प्रकृति हर ओर से नवीनता और बदलाव का संदेश दे रही होती है। की आराधना का होता है जिसे नवरात्र के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक देवी माँ के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। लोग अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार इन दिनों उपवास रखते हैं और कन्याभोज के साथ माता को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। दरअसल यह सनातन संस्कृति की महानता है कि इसमें अत्यंत गहरे और गूढ़ विषयों को जिनके पीछे बहुत गहरा विज्ञान छिपा है उन्हें बेहद सरलता के साथ एक साधारण मनुष्य के सामने प्रस्तुत किया जाता है। इसका सकारात्मक पक्ष तो यह है कि एक साधारण मनुष्य से लेकर एक बालक के लिए भी वो विषय ग्रहण करना इतना सरल हो गया कि वो उनके जीवन का उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया। लेकिन इसका नकारात्मक पक्ष यह हुआ कि वो गहरे विषय हमारी दिनचर्या तक ही सीमित रह गए और उनके भाव, उनके लक्ष्य हमसे कहीं पीछे छूट गए। नवरात्र को ही लीजिए आज यह केवल उपवास रखने और कन्याभोज कराने तक ही सीमित रह गए। इसके आध्यात्मिक वैज्ञानिक और व्यवहारिक पक्ष के विषय पर हमारा



ध्यान ही नहीं जाता। इसके वैज्ञानिक पक्ष की बात करें तो नवरात्र साल में चार बार मनाई जाती हैं, चैत्र नवरात्र, शारदीय नवरात्र और दो गुप्त नवरात्र। हर बार दो ऋतुओं के संकर काल में यानी एक ऋतु के जाने और दूसरी ऋतु के आने के पहले। आज विज्ञान के द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि ऋतु संकर के समय मानव शरीर बदलते वातावरण से तारतम्य बैठाने के लिए संघर्ष कर रहा होता है और इस दौरान उसकी पाचन शक्ति, उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण होती है। ऐसे समय में उपवास न सिर्फ मनुष्य के पाचन तंत्र को सुधारने का काम करता है बल्कि उसे डिटॉक्स करके उसमें एक नई ऊर्जा का संचार भी करता है। किंतु महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि नवरात्र का महत्व मात्र हमारे शरीर की शक्ति एवं उसकी ऊर्जा बढ़ाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। नवरात्र का समय अपनी खगोलीय घटनाओं के कारण प्रकृति का वो समय होता है जब मनुष्य अपने मानव जन्म का सर्वश्रेष्ठ लाभ ले सकता है। नवरात्र का आध्यात्मिक पक्ष यह है कि इस समय मनुष्य अपनी शारिरिक शक्तियों से ऊपर उठकर अपने मानस एवं आत्मबल का विकास कर सकता है। नौ दिनों तक व्रत एवं व्रत के नियम हमें अपनी आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करने में मदद करते हैं। लेकिन वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पक्ष से इतर नवरात्र का एक व्यवहारिक पक्ष भी है। देखा जाए तो मां के नौ रूपों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा ने ये सभी नौ अवतार इस धरती पर अधर्म और पाप के नाश दैत्यों के विनाश तथा धर्म की स्थापना के उद्देश्य से लिए थे। तो क्यों न हम भी इस समय का उपयोग अपने भीतर के पाप और अधर्म का नाश करने के लिए करें, अपने भीतर के शत्रुओं के विनाश के लिए करें। गीता में कहा गया है कि काम क्रोध लोभ मोह अहंकार और ईर्ष्या मनुष्य के सबसे बड़े शत्रु हैं। नवरात्र के दौरान हम माँ के हर रूप से सफलता के मंत्र सीखकर अपने भीतर के इन शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। अगर हम गम्भीरता से सोचें तो पाएंगे कि मां के हर रूप का नाम उनके व्यक्तित्व को परिभाषित करते हुए हमें अनूठा संदेश देता है। जैसे मां शैलपुत्री (यानी हिमालय की पुत्री) से शिला अर्थात चट्टान की तरह दृढ़ आत्मबल। मां ब्रह्मचारिणी (यानी ब्रह्म के समान आचरण) से अपने आचरण में अनुशासन। मां चंद्रघंटा ( इनके माथे पर चन्द्र के आकार का घण्टा है) से अपने मन को कठिन से कठिन परिस्थिति में चंद्रमा जैसा शीतल यानी ठंडा रखना। मां कुष्मांडा (कू यानी छोटा ऊष्मा यानी ऊर्जा) से स्वयं को सदैव सकारात्मक ऊर्जा से भरे रखना। मां स्कंदमाता ( इनकी गोद में बालक कार्तिकेय हैं ) से अपने भीतर करुणा ममता प्रेम और संवेदनशीलता जैसे गुणों को हमेशा बना कर रखना। मां कात्यायनी (स्वास्थ्य और चिकित्सा की देवी) से स्वास्थ्य की महत्ता क्योंकि स्वस्थ रहकर ही अपने लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। माँ कालरात्रि ( महाशक्तिशाली और अपराजेय दैत्यों का नाश करने वाली) से जुनून की हद तक लक्ष्य हासिल करने का जज्बा क्योंकि इसके बिना कठिन लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। मां महागौरी (ये गौर वर्ण की हैं) से जीवन के हर कदम पर अपना आचरण चरित्र और चित को उज्ज्वल एवं स्वच्छ रखना ताकि कहीं कोई दाग लगने की गुंजाइश न हो। और अंत में मां सिध्दरात्री (सफलता देने वाली) जब हम नवरात्र में माँ के इन आठ रूपों की सच्चे मन से आराधना करते हैं तो मां सिध्दरात्री सफलता देती हैं। इसी प्रकार जब हम नवरात्र के व्यवहारिक पक्ष को अपने जीवन में उतार कर इन आठ सूत्रों को अपने आचरण में अनाएँगे तो निसन्देह हमें सफलता की सिद्धि प्राप्त होगी। तो इस बार नवरात्र को मात्र उपवास एवं कन्याभोज तक सीमित न रखें बल्कि इस बार नवरात्र में शरीर के साथ साथ मन और आत्मा को भी शुद्ध एवं डिटॉक्स करके अपने जीवन में नई ऊर्जा नई शक्ति को महसूस करें।

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

## कविता

हर पल, हर क्षण
मानव जीवन खतरे में है
दवाओं में मिलावट है
दूध में पानी की मिलावट
है
मसालों में मिलावट है
आटा, दाल, चावल,
चीनी, गुड़, घी में
मिलावट है
अनाज में मिलावट है
तेल में मिलावट है
हवा में , पानी में , मिट्टी
तक में मिलावट है
आग में धुएं की मिलावट
है
सरकारों में मिलावट है
हर रंग में मिलावट है
सीमेंट में मिलावट है
सच में झूठ की मिलावट
है
मन में, आत्मा में मिलावट
है
संबंधों में मिलावट है
यहां तक कि खून में भी
मिलावट है
खुशबू में मिलावट है
विचारों तक में मिलावट है
कहां नहीं है मिलावट ?
प्रकृति में , इस ब्रह्मांड के
कण-कण में आज
मिलावट का बोलबाला हो
गया है
जहर में मिलावट है
सोने-चांदी में मिलावट है
इत्र में मिलावट है
शहद में, शराब में
मिलावट है
राशन में मिलावट है
आज अरमानों में
मिलावट है
ख्यालों में मिलावट है
हर चीज में मिलावट है
शुद्धता का नामोनिशान
नहीं है
ये मानव का
कुत्सित और अमानवीय
कृत्य नहीं तो और भला
क्या है ?
स्वार्थ की खातिर
आदमी, आदमी को
सरेआम मारने पर तुला है
आदमी कारोबार करता है
ये कैसा कारोबार ?
आदमी आज मुखौटा
पहनकर घूमता है
वह पदार्थ में जीता है
सिर्फ और सिर्फ पदार्थ में
मन आज जहरीले हो गये
हैं
अपने ही आज अपनों को
छल रहे हैं
मिलावट का जहर बिक
रहा है
आदमी मिलावट से धन-
दौलत का झोला भर रहा
है

सुनील

## भारतीय नववर्ष उत्सव का उमंग

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**भारतीय नववर्ष** के साथ अनेक त्यौहार आते हैं। इनमें चैत्र शुक्लादि, नवरेह, गुड़ी पड़वा, उगादि, साजिबु नोंगमा पांबा अथवा साजिबु चेराओबा एवं चेटीचंड आदि सम्मिलित हैं। चैत्र शुक्लादि विक्रम संवत के नववर्ष के प्रारम्भ का प्रतीक है। इसे वैदिक अथवा हिन्दू कैलेंडर के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन से नवरात्रि का प्रारम्भ होता है। भारतीय नववर्ष के साथ वसंत ऋतु का भी आगमन होता है। इसलिए ये सब त्यौहार वसंत के उत्सव हैं।

**नवरेह**

जम्मू कश्मीर में नवरेह का त्यौहार हर्ष एवं उल्लास से मनाया जाता है। नव चंद्रवर्ष के रूप में मनाया जाने वाला यह त्यौहार उत्साह एवं रंगों का उत्सव है। यह कश्मीरी पंडितों का विशेष त्यौहार माना जाता है। त्यौहार से एक दिन पूर्व वे पवित्र विचर नाग के झरने की यात्रा करते हैं। इसके पश्चात वे पवित्र जल में स्नान करके अपनी समस्त मलिनताओं का त्याग करते हैं। इसके पश्चात वे पूजा-अर्चना करके प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह प्रसाद चावल एवं विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों से बनाया जाता है। नवरेह के प्रातःकाल में वे लोग सर्वप्रथम चावल से भरे पात्र को देखते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से घर में समृद्धि आती है, क्योंकि **चावल धन-धान्य एवं समृद्धि का प्रतीक है।**

**गुड़ी पड़वा**

महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है। गुड़ी का अर्थ है विजय पताका तथा पड़वा का अर्थ है चंद्रमा का प्रथम दिवस। इस दिन लोग बांस के ऊपर चांदी, तांबे अथवा पीतल के कलश को उल्टा रखते हैं। कलश पर स्वास्तिक का चिह्न बनाया जाता है। बांस पर केसरिया रंग का पताका लगाया जाता है। तदुपरान्त इसे नीम एवं आम की पत्तियां और पुष्पों से सुसज्जित किया जाता है। इसे घर के सबसे उच्च स्थान पर लगाया जाता है। गृह द्वारों पर आम के पत्तों का तोरण लगाया जाता है। मान्यता है कि आम के पत्ते पवित्र होते हैं। इसके लगाने से नकारात्मक शक्तियां घर में प्रवेश नहीं कर पाती हैं तथा घर इनसे सुरक्षित रहता है। इस दिन भोजन में गुड़ एवं नीम परोसा जाता है। गुड़ की मिठास सुख एवं नीम की कड़वाहट दुःख का प्रतीक है अर्थात जीवन के सुख- दुःख को समान भाव से अपनाना चाहिए, क्योंकि मानव की परीक्षा दुःख में ही होती है।

देश के विभिन्न भागों में इसे भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है। गुड़ी पड़वा गोवा में संवत्सर पड़वा के रूप में मनाया जाता है। केरल में इसे संवत्सर पड़वो के रूप में मनाया जाता है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक एवं तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में इसे उगादी के रूप में मनाया जाता है। राजस्थान में इसे थापना एवं मणिपुर में साजिबु चेराओबा अथवा साजिबु नोंगमा पांबा के रूप में मनाया जाता है। सिन्धी समुदाय के लोग चेटीचंड का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाते हैं। यह त्यौहार भगवान झूलेलाल के जन्म दिवस के रूप में जाना जाता है। उनका जन्म पाकिस्तान के सिंध प्रांत के ग्राम नसरपुर में हुआ था। उनका वास्तविक नाम उदयचंद था।

## विचार

## एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए योग-आधारित

**विजय गर्ग**

**प्राचीन योग सिद्धां**तों से प्रेरित, यह दृष्टिकोण न केवल प्रदर्शन को बढ़ाता है बल्कि समग्र कल्याण को भी बढ़ावा देता है इष्टतम प्रदर्शन और समग्र स्वास्थ्य के लिए एथलीटों की मानसिक और भावनात्मक भलाई उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी उनकी शारीरिक फिटनेस। पेशेवर और शौकिया दोनों एथलीटों को अपने प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में कई तनावों का सामना करना पड़ता है, जो महामारी के कारण और बढ़ गया है, जिससे संसाधनों और सहायता प्रणालियों तक उनकी पहुंच प्रभावित हुई है। मानसिक और भावनात्मक लचीलेपन को बढ़ाने के लिए एथलेटिक प्रशिक्षण को एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल के नजरिए से देखना आवश्यक है। प्रतिस्पर्धी माहौल में, एथलीटों को महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक तनावों का सामना करना पड़ता है जैसे चोटें, प्रदर्शन का दबाव, उच्च उम्मीदें और प्रशिक्षण व्यवस्था की मांग, जिससे अक्सर नींद में खलल, खाने के विकार, खेल की चिंता और अन्य गंभीर समस्याएं होती हैं। अचानक कार्डियक अरेस्ट (एससीए) भी छात्र-एथलीटों के बीच मौत का एक प्रमुख कारण है, 300 में से कम से कम 1 युवा व्यक्ति में अंतर्निहित हृदय संबंधी असामान्यताएं होती हैं। इसलिए, तनाव को प्रबंधित करने और उससे उबरने की क्षमता, जिसे लचीलापन के रूप में जाना जाता है, खेल और अन्य प्रयासों में सफलता, सहनशक्ति, चपलता, अनुशासन और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। योग-आधारित लचीलापन प्रशिक्षण का एकीकरण एथलीटों की मानसिक और भावनात्मक भलाई को बढ़ाकर उनकी यात्रा को सुविधाजनक बना सकता है। योग का नैदानिक प्रभावः योग-आधारित लचीलापन प्रशिक्षण विभिन्न अंतर्निहित तंत्रों के माध्यम से एथलीटों को कई लाभ प्रदान करता है। एक प्रमुख तंत्र तनाव हार्मोन के स्तर का विनियमन है, विशेष रूप से कोर्टिसोल, जो तनाव के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक है। गहरी सांस लेने और ध्यान जैसे अभ्यास कोर्टिसोल रिलीज को नियंत्रित करने और भावनात्मक स्थिरता में सुधार करने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, योगिक तौर-तरीके तंत्रिका प्लास्टिसिटी को बढ़ावा देते हैं, खेल प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण संज्ञानात्मक कार्य और मोटर कौशल को बढ़ाते हैं।

इस तरह के मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को भी उत्तेजित करते हैं, आराम लाते हैं और शारीरिक तनाव को कम करते हैं। योग-आधारित लचीलापन प्रशिक्षण की प्रभावशीलता प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणालियों में निहित लचीलापन प्रशिक्षण पद्धतियाँ, योग, श्वास क्रिया और ध्यान तकनीकों को जोड़ती हैं। सिद्धांत खेल मनोविज्ञान के अनुरूप हैं, शीर्ष प्रदर्शन के लिए एथलीटों के बीच मानसिक लचीलापन, फोकस और भावनात्मक विनियमन पर जोर देते हैं। गैर-आक्रामक ध्यान प्रोटोकॉल के माध्यम से, एथलीटों में उनकी सांस और भावनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ती है, जिससे वे प्रतिस्पर्धा के दबावों को शांति से और स्पष्ट रूप से नेविगेट करने में सक्षम होते हैं। क्रिकेटरों से जुड़े अध्ययनों से पता चला है कि योग का शारीरिक फिटनेस, गति और सटीकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

चुनौतियों और अवसरों को अपनानाः खेलों में योग-आधारित लचीलापन प्रशिक्षण का एकीकरण चुनौतियाँ और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है। एथलीटों और कोचों के बीच संदेह मानसिक कल्याण पर शारीरिक कंडीशनिंग की पारंपरिक प्राथमिकता को सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक गलतफहमियाँ योग-आधारित प्रथाओं से अपरिचित खेल संस्कृतियों में स्वीकार्यता में बाधा बन सकती हैं। योग्य संसाधनों और उपयुक्त सुविधाओं तक पहुंच सहित तार्किक बाधाएं, व्यापक रूप से अपनाने पर और प्रभाव डालती हैं। हालाँकि, ये चुनौतियाँ संवाद, शिक्षा और सहयोग के अवसर भी प्रदान करती हैं। खुली चर्चा और साक्ष्य-आधारित शिक्षा खेल समुदाय के भीतर संदेह को दूर कर सकती है और समझ को बढ़ावा दे सकती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## भारतीय राजनीति को लगे ग्रहण को पहचानिये

**राकेश**

भारत में सोमवार को सूर्यग्रहण दिखाई नहीं दिया लेकिन सूर्यग्रहण था। यही हाल भारतीय राजनीति का है। भारतीय राजनीति को एक अदृश्य/दृश्य ग्रहण लगा हुआ है लेकिन न उसके सूतक का पता चला और न उसके विमोचित की कोई सूचना है। दरअसल ये ग्रहण है ही ऐसा कि जिसके बारे में कोई ज्योतिषी काल गणना कर ही नहीं सकता। इस अनूठे ग्रहण से भारतीय राजनीति को केवल जनता ही मुक्ति दिला सकती है ,बाशर्त की जनता जागे।

मुझे राजनीति और नेताओं पर लिखते - लिखते अब अजीर्ण होने लगा है ,लेकिन मै लगातार इन दोनों पर लिख रहा हूँ ताकि भारतीय राजनीति पर लगा ग्रहण समाप्त हो सके। लेकिन ये कोशिश ठीक वैसी ही है जैसे कोई कांजी की एक बूँद से समुद्र का जल दोफाड़ करना चाहे। किन्तु कोशिश तो कोशिश है , की जाती है। हमारे गुरुजन तो कहते थे कि-' हवा में अपनी तर्जनी घुमाना भी एक तरह का हस्तक्षेप है '। जनता को भी ये हस्तक्षेप करना चाहिए,क्योंकि अब समय आ चुका है हस्तक्षेप करने का। अब भारत की राजनीति बेपटरी हो चुकी है। भारत की राजनीति और राजनेता उस सांड की तरह हैं जो लाल रंग का कपड़ा देखते ही भड़क उठते हैं।

मुश्किल ये है कि आप इस ' ग्रहण लगी सियासत ' से अपने आपको बचा भी नहीं सकते। आपको इसमें लिप्त होना ही पड़ता है। चाहे भी और अनचाहे भी। यूपी जाइये तो वहां माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की जेल में संदिग्ध मौत के बाद समाजवादी पार्टी मातमपुर्सी के लिए अपने सुप्रीमो को अंसारी के घर भेजती है। दिल्ली में भाजपा को शराब से शीश महल अभियान चलकर आप के सुप्रीमो का आभामंडल धूमिल करने का जतन करना पड़ता है। बिहार में पप्पू यादव और लालू यादव के परिवार के बीच जुबानी जंग शुरू हो जाती है। मप्र में टिनोपाल मंत्री रहे भाजपा के हारे नेता दावा करते हैं कि मप्र कांग्रेस के ढाई लाख कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। हिमाचल में कांग्रेस को भाजपा की रानी लक्ष्मी बाई के खिलाफ मुहीम चलने के लिए उनके खानपान पर उँगली उठाना पड़ती है। लेकिन देश की जनता के असल मुद्दों पर कोई नहीं बोलना चाहता।

## हम यहाँ के रॉबिनहुड हैं

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**रामभरोसे की** कानाफूसी वार्ड ब्वॉय बड़े ध्यान से सुन रहा था। वह रामभरोसे के पास आया। परिजन को वहाँ से भगा दिया। वार्ड ब्वॉय ने रामभरोसे से कानाफूसी करते हुए कहा- चुपचाप पड़े रहो। ज्यादा चपड़-चपड़ मत करो। वह डॉक्टर अस्पताल में नया आया है तो क्या हुआ? शुक्र मनाओ नर्स तो पुरानी है। अच्छा है कि तुम जल्दी आ गए। थोड़ा लेट आते तो मेरे हाथों ही नप जाते। तब तुम मिस्टर रामभरोसे नही लेट रामभरोसे कहलाते। वो तो भगवान का भला हो जो तुम्हारी किस्मत अच्छी है। वो जैसा कहते हैं वैसा करो। नहीं तो बिना इलाज के मुफ्त में मारे जाओगे। तभी डॉक्टर ने वार्ड ब्वॉय से मरीज का भर्ती फॉर्म भरवाने के लिए कहा। वॉर्ड ब्वाय ने परिजन से फॉर्म भरवाया। फॉर्म भरकर परिजन जैसे ही पलटा तुरंत उसे टोकते हुए वार्ड ब्वॉय ने कहा झ लगता है तुम्हें अभी अस्पताल के बारे में ठीक से पता नहीं है। लोग समझते हैं कि मरीजों को डॉक्टर ठीक करते हैं। जबकि सच यह है कि मरीज का ठीक होना डॉक्टर या भगवान के हाथ में नहीं हमारे हाथ में होता है। हम यहाँ के वार्ड ब्वॉय नहीं रॉबिनहुड हैं। इसलिए जब तक हमें खुश नहीं किया जाता तब तक मरीज मरीज बनकर रह जाता है या फिर इस दुनिया से नौ दो ग्यारह हो जाता है। इस अस्पताल में मच्छर काटते हैं। पंखा ठीक से काम नहीं करता। हम मरीजों के नौकर नहीं है। जो उनके इशारों पर नाचेंगे। जो हमारा ख्याल रखता है हम उनका ख्याल रखते हैं। हमारी तो एक ही पॉलिसी है झ तू मेरी खुजली मिटा मैं तेरी। डॉक्टरों का क्या है? सुबह-शाम एक-एक राउंड मारेंगे, दवा लिखेंगे और रफू चक्कर हो जायेंगे। और जहाँ तक सवाल नर्सों का है, वो तो डॉक्टर की बताई दवाई-पट्टी करती हैं। वे अपनी ओर से कुछ नहीं करती। वो तो हम हैं जो मरीजों के साथ कदम-कदम या यूँ कह लो कि सांस-सांस पर रहते हैं। काम तो हमारा वार्ड के भीतर मरीजों की तीमारदारी और नर्सों का सहयोग करना है, लेकिन वाकई में हम करते क्या हैं, यह जानकर तुम भी हैरत में पड़ जाओगे। न जाने कैसे-कैसे नमूने मुँह उठाये यहाँ आ जाते हैं। सबके अपने-अपने नखरे और चोंचले होते हैं। यह सब देखकर हम अपने काम से ऊब जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### वर्ल्ड हेल्थ डे पर आयोजित साइक्लोथॉन में 145 राइडर्स ने लिया भाग

**चंडीगढ़: वर्ल्ड** हैल्थ डे के अवसर पर शहर में आयोजित तमाम फिटनेस गतिविधियों के बीच साईक्लोथॉन का भी आयोजन किया गया जिसमें चंडीगढ़ ट्राईसिटी के लगभग 145 साईकलिस्टों ने भाग लिया और अपनी फिटनैस का परिचय दिया। पारस हेल्थ द्वारा आयोजित और दी डेयरडेविल्स द्वारा मैनेज्ड इस साईक्लोथॉन में ट्राईसिटी के विभिन्न साईकलिंग ग्रुप्स विशेषकर दिल से साईकलिस्टों ने भाग लेकर आयोजन का सफल बनाया। 21 किलोमीटर की यह साईक्लोथान पारस होस्पिटल से शुरू होकर रामगढ़ से यूटर्न लेकर विभिन्न सेक्टरों से गुजरते हुये होस्टिपटल में ही सम्पन्न हुई। साईकलिस्ट अमित गर्ग ने साइक्लोथॉन को लीड किया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को साइकिलिस्टों को साइकिलिंग के प्रति सजग करने का संदेश देना था जिसके लिये इस व्यापक भागीदारी ने इस मकसद को अंजाम दिया। आयोजन से पूर्व जुम्बा सेशन के दौरान प्रतिभागियों को कुछ सरल व्यायाम के टिप्स भी दिये गये जिससे वे अपने दिन की शुरूआत कर सकते हैं। साइक्लोथॉन के अंत में पारस हेल्थ के प्रमुख संदीप नागर ने सभी प्रतिभागियों को मेडल्स देकर सम्मानित किया।

### उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस वैन ने देशभर में 80 शहरों का सफर किया

**फरीदाबाद।** आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की अनूठी पहल उजास ने हरियाणा में स्थानीय सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक किशोर लड़कियों और महिलाओं तक पहुंचने के लिए अपनी भागीदारी का पहला चरण शुरू किया है। इस पहल के तहत मासिक धर्म से संबंधित स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का मिशन शुरू किया गया है। उजास की संस्थापक सुश्री अद्वैतेशा बिरला के दृष्टिकोण के अनुरूप यह पहल हरियाणा राज्य में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव और सशक्तिकरण लाने के लिए तैयार है। इस दिशा में उजास ने प्रतिष्ठित स्थानीय एनजीओ पार्टनर ग्लैड भारत फाउंडेशन और अनवरत के साथ सहयोग करते हुए अपनी भागीदारी का पहला चरण शुरू किया है। इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उजास की संस्थापक, सुश्री अद्वैतेशा बिरला ने जोर देकर कहा, उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस सिर्फ एक वैन नहीं है; यह एक बदलाव का प्रतीक है। एक ऐसा बदलाव जिसमें बाधाओं को तोड़ने का प्रयास किया जाता है, और एक ऐसे समाज को बढ़ावा देता है जहां मासिक धर्म स्वास्थ्य एक अधिकार है, न कि कोई कलंक। हरियाणा राज्य में हम मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता की दिशा में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय समुदायों तक पहुंचने में कामयाब हुए हैं। इस काम में हमने प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशालाओं से हासिल डेटा का उपयोग किया है। इस अभियान के तहत किशोरियों और महिलाओं के बीच सक्रिय रूप से जागरूकता बढ़ाने, वर्जनाओं को खत्म करने और पूरे क्षेत्र में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में सकारात्मक बातचीत को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। इस तरह ह्यउजासह्ल ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के उद्देश्य से समुदाय के साथ मिलकर काम करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। अभियान के पहले चरण में उजास टीम ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर उम्र के अनुरूप जागरूकता सत्र आयोजित किए और साथ ही सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किए।



### नवदीप की रिहाई को लेकर आज किसान रेलवे ट्रैक करेंगे जाम

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः किसान आंदोलन** में गिरफ्तार किए गए नवदीप की रिहाई सहित विभिन्न मांगो को लेकर आज किसान शंभू सीमा पर रेलवे ट्रैक पर बैठ सकते है।

भारतीय किसान संघ (शहीद भगत सिंह) के जिला प्रधान गुरमीत सिंह ने कहा कि आज तक यदि युवा किसानों की सरकार ने रिहाई नहीं की तो आज को शंभू सीमा के समीप रेल लाइन को पूर्ण रूप से जाम कर दिया जाएगा जिसमें दिल्ली से पंजाब आने वाली कई रेलगाड़ियां प्रभावित होंगी।

# बराड़ा में सीएम की विजय संकल्प रैली में पहुंचे हजारों लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः मुख्यमंत्री नायब** सैनी हलका मुलाना कि विजय संकल्प रैली में बराड़ा पहुंचे। यहां पर कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं नायब सैनी ने मंच से बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने दो दिन पहले अपना मैनिफैसटों जारी किया। उसमें लिखा हम देश के साथ न्याय करेंगे। उन्होंने कहा आज आपकों ध्यान में आया है कि आप न्याय कहा देंगे। उन्होंने कहा देश जानता है। सिलेन्डर के लिए तीन दिन तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। ये देश के लोगो के साथ अन्याय था और आज देश में ये लोग न्याय की बात कर रहें है। उन्होंने कहा कि न्याय नरेंद्र मोदी ने दिया है। उस लाइन को खत्म किया है। उससे भी आगे बढ़कर माता बहन के घर के अंदर गैस का कनेक्शन सिलेन्डर पहुंचाया है। जिसके घर के अंदर कभी सिलेन्डर नहीं पहुंचा थामुख्यमंत्री नायव सैनी आज हलका मुलाना कि विजय संकल्प रैली में बराड़ा पहुंचे। यहां पर कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं नायव सैनी ने मंच से बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने दो दिन पहले अपना मैनिफैसटों जारी किया । उसमें लिखा हम देश के साथ न्याय करेंगे । उन्होंने कहा आज आपकों ध्यान में आया है कि आप न्याय कहा देंगे। उन्होंने कहा देश जानता है। सिलिन्डर के लिए तीन दिन तक



लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। ये देश के लोगो के साथ अन्याय था और आज देश में ये लोग न्याय की बात कर रहें है। उन्होंने कहा कि न्याय नरेंद्र मोदी ने दिया है। उस लाइन को खत्म किया है। उससे भी आगे बढ़कर माता बहन के घर के अंदर गैस का कनेक्शन सिलिन्डर पहुंचाया है। जिसके घर के अंदर कभी सिलिन्डर नहीं पहुंचा था नायव सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय में खाली बात होती थी काम नहीं होता । लेकिन नरेंद्र मोदी के समय में ऐसा नहीं होता । उन्हें उन्होंने कहा यदि किसी भी व्यक्ति को कोई बिमारी होती तो आज उसे किसी की और देखने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए इसका भी विशेष प्रबंध किया है।

## विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विवि की मेरिट में पाया स्थान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कॉलेज करनाल के एमए पंजाबी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में मेरिट में स्थान बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डाण गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि कॉलेज के होनहार छात्र अरविन्द कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीसरा तथा कॉलेज के ही छात्र हरविन्दर सिंह ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने मेरिट में आए दोनों विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और उन्हें कॉलेज से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज पूर्व सांसद स्वण सण तारा सिंह जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। उन्हें अपने स्टाफ और विद्यार्थियों पर गर्व है। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के साथ अपने प्राध्यापकों को भी दिया है।

### सेल्फी प्वाइंट बनाया गया

**पानीपतः** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ददलाना मे बनाया सेल्फी प्वाइंट राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ददलाना मे दाखिले बढ़ाने के लिए एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है जिसे बच्चे और उनके अभिभावक खूब पसंद कर रहें हैं विद्यालय मुखिया सतीश कुमार ने बताया कि विद्यालय मे दाखिले करने के लिए एडमिशन प्वाइंट भी बनाया गया है जहाँ आवश्यक दस्तावेज जमा कर दाखिला ले रहें हैं वास्तव मे सभी अध्यापकों द्वारा डोर टू डोर सर्वे भी कर रहें हैं और बहुत अच्छा लगता है जब सभी अध्यापक मिलजुल कर कार्य करते हैं ' इस मौके पर कँवलजीत कौर. नीलू खन्ना, नरेन्द्र प्रकाश, दीपक, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, रवि दहिया उपस्थित रहे।

## चिकित्सा शिविर में जांचा 127 सदस्यों का स्वास्थ्य

### चिकित्सा शिविरों का आयोजन सिर्फ एक सेवा नहीं है बल्कि हमारे समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक गहरी प्रतिबद्धता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर अंजनथली में कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा के मार्गदर्शन और छात्र कल्याण निदेशक प्रोण रंजन गुप्ता के कुशल नेतृत्व में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 127 विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य जांचा गया। माननीय कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने कहा कि चिकित्सा शिविरों का आयोजन सिर्फ एक सेवा नहीं है बल्कि हमारे समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक गहरी प्रतिबद्धता है। ये शिविर केवल बीमारियों का निदान



करने के बारे में नहीं हैं, वे करुणा बढ़ाने, सहायता प्रदान करने और सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा देने के बारे में हैं। उन्होंने कहा कि एमएचयू में समय समय पर ऐसे शिविर लगाएं जाते रहेंगे। ऐसे शिविर लगाने का मकसद, समय रहते बीमारियों को पकडना होता हैं ताकि समय पर बीमारी का इलाज कर बीमारी को जड से खत्म किया जा सकें। प्रो. रंजन गुप्ता ने कहा कि शिविर न केवल तत्काल चिकित्सा संबंधी चिंताओं को दूर करता है, बल्कि प्रतिभागियों के बीच व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करता है। जिससे स्वस्थ और अधिक सूचित कॉलेज समुदाय में योगदान मिलता है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और कॉलेज समुदाय के भीतर सामान्य चिकित्सा चिंताओं को संबोधित करना था। चिकित्सा शिविर का संचालन डॉ. युवराज गोपीनाथ कसाल, सहायक प्रो. द्वारा किया गया। चिकित्सा शिविर एमएचयू के छात्र कल्याण निदेशालय और पार्क हॉस्पिटल, सीएचडी सिटी, करनाल के कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। संकाय और छात्रों ने समान रूप

### पाचन तंत्र का स्वास्थ्य एफओएस की क्षमता : प्रतीक पटेल

**पोषण** की दुनिया में एक ऐसा शब्द है जो पाचन तंत्र के स्वास्थ्य में बदलाव लाने की क्षमता के चलते बेहद लोकप्रिय हो रहा है। यह शब्द हैः फ्रक्टो-ओलिगोसैकेराइड्स (एफओएस)। लेकिन एफओएस क्या है, यह आपके स्वास्थ्य को किस तरह से प्रभावित करता है? फ्रक्टो-ओलिगोसैकेराइड्स को एफओएस कहते हैं, यह आहार में पाया जाने वाला एक प्रकार का फाइबर है जो हमारी आंतों में रहने वाले लाभकारी जीवाणुओं के लिए भोजन की तरह काम करता है। यह कई प्रकार के खाद्य पदार्थों जैसे प्याज, लहसुन, केला, चिकोरी की जड़ों, फलियों, साबुत अनाज और एंटीचोक्स में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। एफओएस प्रीबायोटिक की तरह काम करता है, यह हमारे पाचनतंत्र में पाए जाने वाले जीवाणुओं को पोषण देता है। हमारा शरीर एफओएस को सीधे पचा नहीं सकता, लेकिन ये जीवाणु इसके पोषक तत्वां का उपयोग कर शॉर्ट-चेन फैटी एसिड बनाते हैं। जो हमारे पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाने और शरीर के अन्य कार्यों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। एफओएस को सेवन पूरी तरह से सुरक्षित और सेहत के लिए फायदेमंद है। इसे सही मात्रा में आहार में शामिल करने से यह पाचन तंत्र में सुधार लाता है, शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है।

## अंबेडकर जयंती पर करनाल में होगा समरसता समारोहः सुभाष चन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। 14 अप्रैल को** भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में विशाल समरसता समारोह आयोजित होने जा रहा है जिसमें सर्व समाज के लोग शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन व करनाल लोक सभा के विशेष संपर्क प्रमुख सुभाष चन्द्र ने कहा कि इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री व करनाल विधान सभा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा उम्मीदवार मनोहर लाल सहित भाजपा के अनेक नेता भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी प्रमुख वक्ता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बारे में अपने विचार रखेंगे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सुभाष चन्द्र ने कहा कि भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है जो सभी वीरों, महापुरुषों व संत महात्माओं का सम्मान करती है। सुभाष चन्द्र ने कहा कि डॉ साहब ने वंचित समाज को अधिकार दिलवाए। महिला, कर्मचारी, व्यापारी, युवा, दलित, पिछड़ों,



किसानों और मजदूरों को उनका उचित हक मिले ऐसा प्रावधान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ही संविधान निमार्ता डा भीमराव आंबेडकर के सम्मान में पंचतीर्थ का निर्माण कराया। कश्मीर से धारा.370 समाप्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जबकि अन्य सरकारों ने बाबा साहब के नाम पर वोट तो लिया लेकिन उनके सिद्धांतों के अनुरूप समाज का हित नहीं किया। मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ वंचित वर्ग के लोगों को मिल रहा है। आज पूरे देश में हाईवे आदि निर्माण कार्यों के चलते रोजगार भी पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के राष्ट्र निर्माण को लेकर देखे हुए सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसका मुख्य उदाहरण है कि मौजूदा समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ अंबेडकर के जन्म दिवस सप्ताह को पूरे देश भर में सामाजिक समरसता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है जो कि बाबा साहब डॉण अंबेडकर को सच्ची पुष्पांजलि है।

भाजपा नेता ने कहा कि इस समारोह को लेकर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओ व नेताओं में जबर्दस्त उत्साह है।

## परमात्मा तक पहुंचने का माध्यम है योग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग के प्रचार की दिशा में अग्रसर होते हुए पंजाब के अमृतसर शहर में योग करवाया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने अपने अमृतसर प्रवास के दौरान वहां के लोगों को योग की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन विशेष प्राणायाम और ध्यान साधना शिविर का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत उन्होंने सत्र के दौरान ध्यान लगवाते हुए बताया कि परमात्मा तक पहुंचने का माध्यम है योग। जब व्यक्ति गहरे ध्यान में चला जाता है, तो उसका आनंद ही अलग है। उन्होंने कहा कि ध्यान मन की चंचलता और मन को स्थिर रखने में सहायक है। जीवन का



सर्वश्रेष्ठ आनंद ही ध्यान हैए जिससे मनुष्य इस भवसागर से पार पा सकता है और एक अनंत यात्रा की ओर मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। योग साधना द्वारा शरीर में मानसिक शक्ति का विकास होता है। होटल रमाडा में मौजूद इस योग एवम ध्यान शिविर में जेसीआइ,लुमनी क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबु, जेसीआई के राष्ट्रीय निदेशक शेले चौधरी जेसीआई एलुमनी जोन 1 के चेयरमैन विनीत बंसल जेसीआई एलुमनी क्लब 10 के चेयरमैन नीरज मेहता वाइस चेयरमैन नन्दन चावला वाइस चेयरमैन कुलभूषण नारंग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मतदान के प्रति जागरूक बीएलओज की हुई बैठक

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अतिरिक्त उपायुक्त** एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने आज फारूखा खालसा स्कूल अम्बाला छावनी में लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत मतदान के प्रति जागरूक करने बारे बीएलओज की बैठक लेते हुए मतदान जागरूकता के लिए जो स्वीप गतिविधियां के तहत जो कार्यक्रम किए जा रहें है, उसकी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक के दौरान कहा कि लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक नागरिक आगे आकर अपने मत का प्रयोग करें, इस बारे जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम के माध्यम से कार्य किए जा रहें हैं।

## निगम का आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम करनाल** द्वारा शहर की सडकों पर भटकते आवारा पशुओं को पकड? का अभियान जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को जोन नम्बर 1 के सैक्टर 5 तथा साथ लगते क्षेत्रों से 12 गाय व 5 नंदियों को पकडकर फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला में भेजा गया है। यह जानकारी अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सडकों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा के नेतृत्व में आवारा



पशुओं को पकड? का अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि सडकों व गलियों में भटकती गाय व नंदियों को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में रखा जाता है। वहां उन्हें समय पर चारा इत्यादि दिया जाता है। सुबह व सांय, दोनो समय घूमने-फिरने के लिए उनके परिसर में ही मौजूद खाली जगह पर खुले में छोड़ा जाता है। सभी की अच्छे से स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है, इसके लिए पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर की गौशाला में केयर टेकर के रूप में नियुक्ति की हुई है। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने पुनः डेयरी संचालकों व नागरिकों से अपील करते कहा है कि वह उपयोग के बाद अपने पशुओं को सडकों पर आवारा भटकने के लिए न छोड़ें, इससे शहर की सफाई व यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को पकडने का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, इसके लिए सभी जोन इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं।

## विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी और पदक से किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपनी अनूठी परंपरा को जारी रखते हुए पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने सभी आयु वर्ग के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट-2024 का आयोजन किया। यह आयोजन पीआरपीसी ने अपने मिनी स्मार्ट सिटी के फुटबॉल ग्राउंड में दिनांक 5 से 7 अप्रैल, 2024 तक किया। इंद्रधनुष के सात रंगों से सुसज्जित विभिन्न हाउस के तहत खेलने वाले सभी खिलाड़ियों जिसमे पीआरपीसी के चार हाउस और पानीपत मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स, नॉर्दर्न रीजन पाइपलाइन लिमिटेड और



बिजनेस डेवलपमेंट ग्रुप के एक-एक हाउस ने, उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने 5 अप्रैल, 2024 को खेलों की शुरूआत की घोषणा। इस अवसर पर एस के कनौजिया, कार्यकारी निदेशक (एनआरपीएल), पीआरपीसी के मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, संबंधित वरिष्ठ अधिकारी, आईओओए और आईपीआरईयू के पदाधिकारी तथा एनआरपीएल, पीएमसी और बीडी समूह के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। वार्षिक एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट-2024 का आयोजन तरुण कुमार बिसई, मुख्य-महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के मार्गदर्शन में हुआ। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान डहरिया ने सभी खिलाड़ियों और आयोजक टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री डहरिया ने इस बात पर जोर दिया कि खेल हर किसी के जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल हमें नेतृत्व करना सिखाते हैं, असफलताओं से उबरने और तनाव को कम करने के तरीके सिखाते हैं, जीवन में खुशियाँ बढ़ाते हैं और हमें फिट एवं स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा खेल हमें अनुशासन, टीम-वर्क, प्रतिबद्धता, समर्पण, कड़ी मेहनत और साहसी बनना जैसे कई उत्तम गुण भी सिखाते हैं । इस मेगा स्पोर्ट्स मीट में तीन दिनों के दौरान लगभग 500 आईओसियन्स और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। अलग-अलग आयुवर्ग के सर्वश्रेष्ठ तीन एथलीट जोकि पीआरपीसी से सुरिंदर मीना, सहायक प्रबन्धक (उत्पादन), विजय सिंह बुमरा, एसईए-श्क्क्क (उत्पादन ), विजय सिंह, केमिस्ट तथा बीडी ग्रुप से देवयानी बाजपेयी, सहायक प्रबन्धक (पीएडीसी) चुने गए। इसके अलावा श्री आर के गणवीर, मुख्य-महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) की अध्यक्षता वाले ग्रीन हाउस को समग्र विजेता घोषित किया गया, जबकि सुधांशु शेखर मुख्य-महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) की अध्यक्षता वाले ब्लू हाउस को उपविजेता घोषित किया गया। सभी विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी और पदक से सम्मानित किया गया।

## बाल विवाह निषेधः अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने को लेकर प्रशासन अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल। संरक्षण एवं** बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा की अध्यक्षता में आज बाल विवाह रोकने के लिए नायन, नियामतपुर व नांगल चौधरी राजकीय विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वह इस सामाजिक मुद्दे पर गंभीरता के साथ विचार करें। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने कहा कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। अक्षय तृतीया पर जिले में बाल



विवाह की आशंका को लेकर प्रशासन अलर्ट है। इस पर रोक लगाने के लिए आमजन का सहयोग भी जरूरी है। सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना कोई भी हेल्पलाइन नंबर 181 अथवा 100 नम्बर पर दे सकता है। उन्होंने विवाह संपन्न करवाने वाले पंडितों, मौलवी व पादरी से भी आह्वान किया कि शादी सम्पन्न करवाते हुए लड़का लड़की की उम्र का विशेष ध्यान रखें। अगर शादी के समय लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम व लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम है तो इसकी सूचना प्रशासन को देकर शादी रुकवाने में प्रशासन का सहयोग करें।

# जेसीपीएल-5 के महासंग्राम की विजेता रही 'द चैंपियंस'

## निकटवर्ती गांव से आए छात्रों और अध्यापकों का पुष्प वर्षा करके किया स्वागत

सफलता

8 यह लीग पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से करवाये गए




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कार्यक्रम में 8 टीम एसएस सुपरकिंग्स,दी चैम्पियंस, महावीर के दीवाने, दी हसलर्स, गंगा ओम अरुण लायंस,नॉवल्टी फाइटर,दी गोल्डन ईगल, राइजिंग स्टार्स भाग लिया ओर 104 खिलाड़ी ने भाग लिया। यह लीग पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से करवाये गए। आज सेमीफाइनल गंगा ओम अरुण ओर दी चैंपियंस के बीच मुकाबला हुआ ओर दी चैंपियंस ने जीत दर्ज कर फाइनल मे प्रवेश किया। दूसरा सेमाइफाइनल दी हसलर्स ओर महावीर के दीवाने के बीच खेला गया महावीर के दीवाने की टीम ने दी हसलर्स को हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। शाम को आखिरी जैन क्रिकेट प्रिमियर लीग सीजन 5 का महासंग्राम दी चैंपियंस ओर महावीर के दीवाने के बीच खेला गया। दी चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रन का लक्ष्य महावीर के दीवाने के सामने रखा। लेकिन महावीर के दीवाने की टीम को हार का सामना करना पड़ा। रोमांचक मैचेस को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ रहा है। और लोगो में मैच को लेकर काफी उत्साह है। दी चैम्पीयन फाइनल के विजेता रहे ओर श्री मणीभद्र वीर यंग सोसायटी की तरफ से 51000 की राशि उन्हे दी गई । ओर इस लीग की रणर टीम को 31000/- की राशि सोसायटी की तरफ से दी गई। मेन ऑफ दी मैच वरुण जैन रहे। मैन ऑफ दी सीरीज नितिन जैन रहे।

इमर्जिंग प्लेयर आर्यन जैन और बेस्ट कैच का पुरस्कार उदित जैन को दिया गया। इस लीग में चोके और छक्के मारने वालों को लखानीशूज की तरफ से चप्पल व शूज पुरस्कार में दिये गए। इस अवसर पर पीकेआर की प्रबंधक समिति के सचिव संजीव, प्रबंधक गौरव, कोषाध्यक्ष पंकज (बंटी), आशीष, पुनीत, कन्विनर मनीष, नितिन जैन ने दोनों टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया सोसायटी के प्रधान लव जैन के साथ चेयरमैन भाविक, उपप्रधान भरत, सचिव संकेत, कोषाध्यक्ष विकुल,सहसचिव नव्यम, करुण, मनन, अमन, सुकान्त, पुनीत, समर्थ व अन्य सदस्य मौजूद रहे। लोगो में फाइनल मैच को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

अंत में सोसायटी के प्रधान लव जैन ने इस क्रिकेट लीग को सफल बनाने में अपने सभी कार्यकताओं का सभी स्पॉन्सर्स का सभी प्लेयर्स का और जिन्होंने इस टूनामेंट को सफल बनाने में सहयोग दिया उन सबका धन्यवाद किया

# कपिल शर्मा बने अखिल भारतीय परशुराम ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष

कार्यवाही

8 परशुराम ब्राह्मण सभा हरियाणा की राज्य एवम जिला कार्यकारिणी को भंग किए जाने के बाद सभा के पुनर्गठन की कार्यवाही की गई



**टीम एक्श इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अखिल भारतीय परशुराम ब्राह्मण सभा हरियाणा रजि (00662) की एक विशेष सभा का आयोजन हनुमान मंदिर साहा मे हुआ। सभा मे 24 मार्च को अखिल भारतीय परशुराम ब्राह्मण सभा हरियाणा की राज्य एवम जिला कार्यकारिणी को भंग किए जाने के बाद सभा के पुनर्गठन की कार्यवाही की गई।

पुर्व राज्य एवम जिला अध्यक्ष द्वारा अपना अपना लेखा जोखा ,कार्यों एवं आय - व्यय का ब्यौरा दिया गया जिससे सभा मे उपस्थित सम्मानित सदस्यों द्वारा सहमति एवं संतुष्टि जताई गई। इसके बाद राज्य की कार्यकारिणी का गठन किया गयो साथ ही अम्बाला जिला की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमे कपिल शर्मा बाबाहेड़ी को राज्य प्रधान के पद पर सर्वसम्मति से चुना गया ` जय गोपाल शर्मा केसरी को प्रदेश महासचिव, सुनील शर्मा टपरियां को राज्य कोषाध्यक्ष, सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया। अम्बाला जिला प्रधान सतीश शर्मा राऊ माजरा , जिला महासचिव प्रवीण मोदगिल कैंट , जिला कोषाध्यक्ष वेदांत शर्मा को नियुक्त किया गया । संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कपिल शर्मा को सभा विस्तार के लिए राज्य कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी गठित करने के लिए पुर्ण अधिकार दिया गया ।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मास्टर मदन लाल शर्मा, डॉ राम कुमार शर्मा,आचार्य राम पाल जी साहा, राजीव शर्मा, हेमन्त शर्मा सरपंच, टेक चंद शर्मा, डॉ गुल्लु मोहिंदर शर्मा, राजीव शर्मा, वरुण शर्मा, अमित शर्मा, एमसी भारद्वाज, सतीश शर्मा साहा, मेघ राज शर्मा, संत कुमार शर्मा, प्रवीण शर्मा,डॉ मोहन शर्मा,रघुबीर शर्मा, सुनील दत्त शर्मा राकेश शर्मा, सुनील कुमार,डॉ केवल कृष्ण, शिव कुमार शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक शर्मा, नितिन शर्मा,संदीप शर्मा, पवन शर्मा, प्रदीप शर्मा, संकड़ो की संख्या मे ब्राह्मण बन्धु उपस्थित रहे।

# प्राणिशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने देहरादून के शोध संस्थानों में किया शैक्षणिक भ्रमण

गतिविधियां

8 ध्यान में रखते हुए विद्यालय में समय-समय पर अनेक गतिविधियां करवाई जाती हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा**

**कुलदीप सिंह:** बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन प्रतिभा ईश्वरीय देन है । बस जरूरत है इसे निखारने की। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में समय-समय पर अनेक गतिविधियां करवाई जाती हैं। विशेषकर नए विद्यार्थियों के लिए चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आटटा में 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं के छात्रों ने बड़ी उमंग के साथ भाग लिया। इसके अंतर्गत एकल नृत्य , सामूहिक नृत्य, गीत ,भाषण, कविता, प्रश्नोत्तरी, चुटकुले आदि को प्रस्तुत किया गया । हरियाणवी लोक नृत्य ने तो बिल्कुल समा ही बाधी इसके साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन किया । इसी के साथ कक्षा पहली से बारहवीं के बच्चों में 'नोटबुक कवर एक्टिविटी' भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों की डायरी में स्वपरिचय सहित नोटबुक को अच्छी तरह से कवर करने के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया । साथ ही प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी पुरुस्कार वितरित किए गए । अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा प्रतिभागियों की काफी प्रशंसा की गई। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह आगे भी इसी प्रकार से भाग लेने के लिए तत्पर रहें।

# 'नए आपराधिक कानून: आईओ की हो रही ट्रेनिंग'

**हिसार:** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि आगामी एक जुलाई से नए भारतीय आपराधिक कानून लागू होने जा रहे है। इसके लिए अनुसंधानकताओं की ट्रेनिंग करवाई जा रही है। उनके संबंध में अध्ययन करें और पूरी जानकारी रखे। उन्होंने कहा कि इसके लिए थाना की अनुसंधान टीम से अच्छे अनुसंधानकताओं का चयन करें, ताकि इनका उपयोग मास्टर ट्रेनर के तौर पर लिया जा सके। वे सोमवार को नई पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने उपरांत पुलिस लाइन स्थित ट्रेनिंग स्कूल में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी थानों में इन्वेस्टिगेशन कोर टीम और सपोटिंग स्टाफ का गठन किया गया है। सभी थाना प्रबंधक इनमे तैनात कर्मचारियों के काम की समय-समय पर समीक्षा कर उसे सुचारु रुप से चलाना सुनिश्चित करेंगे। हिसंक अपराधों पर तुरंत सख्त कार्रवाई करें।

# पहले नवरात्रे पशुपतिनाथ मंदिर का निर्माण कार्य होगा शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हीरा नगर में नेपाली संस्था द्वारा पहले नवरात्रे में श्री पशुपतिनाथ मंदिर बनाने का कार्य किया जाएगा शुरू। अंबाला शहर स्थित हीरा नगर में सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली संस्था द्वारा श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला बनाने का कार्य पहले नवरात्रे से किया जाएगा शुरू , संस्था अध्यक्ष गणेश पटेल ने मंदिर निर्माण को लेकर मासिक बैठक में की अहम चर्चा। संस्था द्वारा आम लोगों से की अपील ज्यादा से ज्यादा लोग मंदिर बनाने में करे अपना योगदान ।बैठक में सभी सदस्यों को मंदिर निर्माण का नक़्शा दिखाया गया जिसकी सभी सदस्यों ने की सराहना ।संस्था की बैठक में महासचिव रिटा पटेल ने संस्था कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा, सह सलाहकार एवं व्यवस्था प्रमुख श्याम लाल शर्मा सहित आएहुए सभी सदस्यों का किया धन्यवाद ।

## संक्षिप्त खबरें

### गीता भवन ट्रस्ट परिसर में भजन संध्या एवं भंडारा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक कुरूक्षेत्र:** श्री कुरुक्षेत्र जीर्णोद्धार समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित गीता भवन ट्रस्ट परिसर में सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में रविवार रात्रि भव्य भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के वाईज चेयरमैन केके गुप्ता पटियाला वाले ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन इंद्रजीत चोपड़ा द्वारा ज्योत प्रज्जवलित करके किया। भजन संध्या के दौरान करनाल से गायिका उर्मिल अरोड़ा और सुनील छाबड़ा ने मधुर भजनों से समां बांधा। प्रवचनों में बताया गया कि वेदों का पढ?ा आसान हो सकता है लेकिन जिस दिन आपने किसी की वेदना को पढ़ लिया तो समझो ईश्वर का सान्निध्य पा लिया। इस दौरान सुनाए गए भजन जो बोएगा, वही काटेगा..., तेरा किया सामने आएगा... काफी सराहा गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई। ट्रस्ट द्वारा सभी सहयोगियों को सम्मान चिंह दिए गए। आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सचिव ओपी गुप्ता,कोषाध्यक्ष बृजभूषण गुप्ता,ट्रस्टी एडवोकेट जय नारायण शर्मा,दीपक गुप्ता,हरिंदर सिंगला,भूपिंदर मित्तल,श्याम सुंदर पटियाला,पंकज शर्मा,संतोष कुमार दीक्षित और अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

### रोटरी सपोर्ट्स हॉल, मॉडल टाउन में आयोजन किया गया



**पानीपत:** रोटरी पानीपत मिड टाउन मे हर वर्ष की तरह बैडमिंटन और टेबल टेनिस की खेल प्रतियोगिता का रोटरी सपोर्ट्स हॉल, मॉडल टाउन में आयोजन किया गया। रोटरी मिडटाउन के स्पोर्ट चेयरमैन संजय कटारिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 अप्रैल हुआ और इसका समापन आज 7 अप्रैल को किया गया। इस बार लगभग 400 से अधिक प्लेयर ने भाग लिया और टूनार्मेंट मे 11 वर्ष से 70 वर्ष के प्लेयर दवारा भाग लिया. वेटरन, बच्चे और युवा ने दिल से टूनार्मेंट मे एन्जॉय किया। और बतया की तलवार इलेट्रॉनिक के मलिक मुकेश तलवार दवारा सभी बच्चों को स्पेशल प्राइज दिया हम सभी मुकेश जी का ध्न्यावाद करते। आज का प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन जिसके मुख्य अतिथि प्रमोद विज विद्यायक पानीपत द्वारा किया गया। सभी मेंबर दवारा प्रमोद विज जी का बुके और फूल मला से स्वागत किया। विज जी ने कहा की इस तरह की खेल प्रतियोगिता का समय-समय पर आयोजन होता रहनी चाहिए
इससे खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ मिलते है। रिजल्ट अंडर 11 गर्ल विनर नमन गोयल रनर आर्य वीर. अंडर 13 गर्ल विनर यशवी सैनी रनर आराध्या। अंडर 13बॉयज विनर युवराज रनर ट्रीजल। डबल विनर रोहन और करण ,रनर पृथ्वी और अभय।

# राष्ट्र की तरक्की के लिए मतदान अवश्य करें: रामपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



अपील

8 मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए

**कुरुक्षेत्र:** शिक्षाविद एवं समाजसेवी रामपाल सरोहा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 चुनाव का पर्व है, देश का गर्व है। मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। सभी मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए 25 मई 2024 को बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान करें और मतदान अपने निजी हितों को ना देखते हुए एक अच्छे ईमानदार और अपने क्षेत्र का विकास करने वाले उम्मीदवार को ही करें। युवा पीढ़ी को खासकर आगे आकर अपने अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना चाहिए। लोकसभा का चुनाव पर्व के समान है इसलिए लोकतंत्र की मजबूती हेतु सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर जाकर जाति ,धर्म ,समुदाय से ऊपर उठकर निष्पक्ष मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के अभाव में गलत उम्मीदवारों का चयन हो जाता है।

# यातायात नियमों की पालना चालान के डर से नहीं बल्कि जागरुकता के साथ करें: रोशन लाल

## इन आंकड़ों को कम करने के लिए यातायात नियमों की पालना करना आवश्यक है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस द्वारा साइबर क्राइम व यातायात नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी में सोमवार को राजकीय सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल लाडवा में सेमिनार आयोजित कर ट्रैफिक पुलिस कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ट्रैफिक पुलिस कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने कहा कि सडक हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों की पालन जरूरी है। उप निरीक्षक ने कहा कि भारत वर्ष में सडक दुर्घटनाओं के आंकडे बहुत ज्यादा हैं। इन आंकडों को कम करने के लिए यातायात नियमों की पालना करना आवश्यक है। हमें यातायात नियमों की पालना चालान के डर से नहीं बल्कि जागरुकता के साथ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा नुक्सान युवा वर्ग का हो रहा है। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी-छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक ने कहा कि ऑनलाईन होने वाले फ्रॉड से बचने के लिये जानकारी और सावधानी बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि अपने एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या बैंक खाते की जानकारी फोन पर किसी को न दें। आजकल युवा बिना किसी पूछताछ या छानबीन के फेसबुक पर आई हुई किसी भी फ्रैन्ड रिक्वैसट को तुरंत ही स्वीकार कर लेते हैं। ऐसी रिक्वैसट साईबर अपराधियों द्वारा भी भेजी जा सकती हैं। इसलिये फेसबुक आदि पर दोस्त बनाने से पहले उनके बारे में अच्छे से जानना बहुत जरुरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को आग्रह किया कि टैक्नोलॉजी के इस दौर में सिर्फ जानकारी और सावधानी से ही बचा जा सकता है। व्हाटसैप पर आने वाली किसी भी प्रकार की ऑडियो या विडियो कॉल को किसी भी सूरत में अटेंड न करे। किसी भी प्रकार की साईबर ठगी होने पर साईबर हैल्पलाईन नम्बर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाऐं । कार्यक्रम के अंत में स्कूल पदाधिकारियों ने वक्ताओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल रामपाल सरोहा, स्कूल स्टाफ व काफी संख्या में स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।

# छात्रों की सृजनात्मकता व सार्वभौमिक विकास में सहायक होंगे क्लब: सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



विकास

8 कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा क्लब्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा सीनेट हॉल में सोमवार को क्लब्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दीप प्रज्ज्वलन कर ओरियंटेशन कोर्स का विधिवत रूप से उद्घाटन किया।कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शिक्षकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहली बार 6 क्लब का संचालन शुरू किया गया हैं। इन क्लबों के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को नया मंच मिलेगा। इसके साथ ही उनकी नेतृत्व क्षमता विकसित होगी। प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि क्लब द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों की सृजनात्मकता का सार्वभौमिक विकास होगा । उन्होंने कहा की क्लबो के आयोजनों के माध्यम से छात्रों में संगठनात्मक प्रतिभा और अधिक विकसित होगी ।इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार 6 क्लब का गठन किया गया है। इन क्लब में लिटरेरी, फाइन आर्ट क्लब, थिएटर क्लब, म्यूजिक एवं डांस क्लब, फोटोग्राफी क्लब, एक और नेचर क्लब शामिल किए गए हैं। प्रोफेसर पूनिया ने बताया कि आज ओरियंटेशन कोर्स में कुलपति प्रो. सोमनाथ्ज्ञ ने सभी क्लबों की गतिविधियों का कैलेंडर भी जारी किया।इस अवसर पर डॉ. पूनिया ने क्लब से जुडी समस्त जानकारियां प्रस्तुत की इससे पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर ए आर चौधरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि क्लब्स के माध्यम से आज के दौर में जहां एक और आपसी समन्वय बढ़ेगा, वहीं पर दूसरी ओर छात्रों की प्रतिभा को नया मंच मिलेगा।इस मौके पर यूआईईटी के निदेशक प्रोफेसर सुनील ढींगरा ने कहा कि यूआईईटी क्लबों के माध्यम से अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है इसके सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो चुके हैं।इस अवसर पर आईटीटीआर की प्राचार्या प्रोफेसर अमीषा ने कहा कि हमारा संस्थान शिक्षकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इन क्लब्स के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा और अधिक विकसित होगी। इस मौके पर आईआईएचएस की प्राचार्य प्रो. रीटा दलाल ने कहा कि क्लबों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को एवं उनकी प्रतिभा को नया मंच तो मिलेगा ही साथ ही उनमें आत्मविश्वास की भावना एवं नेतृत्व की भावना भी पैदा होगी।

# 'लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी को करना होगा अपने मत का प्रयोग'

जागरूक

8 छात्राओं द्वारा इस मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम शहर के विभिन्न स्थानों पर आमजन को जागरूक किया



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा इस मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम शहर के विभिन्न स्थानों पर आमजन को जागरूक किया गया।

छात्राओं द्वारा संदेश दिया गया कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता को वोट डालना जरूरी है और प्रत्येक मतदाता को आगामी 25 मई को अपने बूथ पर जाकर वोट डालनी चाहिए। इस मतदाता जागरुकता रैली में छात्राओं ने लोगों को संदेश दिया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में 25 मई के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर अपने बूथ तक पहुंचना है।

# गांवों में केन्द्रीय पुलिस बल टीम के साथ पुलिस-प्रशासनिक टीम ने निकाला फ्लैग मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अति संवेदनशील पोलिंग बुथों पर दर्जनों गांवों में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल महिला प्लाटून के सीआरपीएफ कंपनी कमाडर इंस्पेक्टर अंजू त्यागी, एसडीएम इसराना, इसराना डीएसपी, एसएचओं सहित जिले की पुलिस टीम ने फलैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च टीम गांव डाहर, नोल्थ, बलाना, मांड़ी, मतलोड़ा-इसराना, अहर, छिछडाना, सींक, उलराना सहित दर्जनों गांवों में पुलिस टीम व केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के सीआरपीएफ कंपनी कमाडर



इंस्पेक्टर अंजू त्यागी सहित भारी महिला पुलिस कर्मी टीम ने पैदल गांवों के दौरा किया । और इस दौरान 88 बटालियन सीआरपीएफ कंपीनी कमांडिंग इस्पेंकटर अंजू त्यागी केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के सीआरपीएफ टीम इंचार्ज ने लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने का आहावान किया । और बताया कि लोकसभा आम चुनाव को जिला में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र व भय मुक्त माहौल

**सुरक्षा पूरी**

**8 शरारती व असामाजिक तत्व व गडबडी फैलाने वाले व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें**

में करवाने व कानून एवं व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा फलैग मार्च निकाला। सीआरपीएफ कंपनी कमाडर इंस्पेक्टर अंजू त्यागी ने ग्रामीणों से संवाद कर उनसे निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने व निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए अपील की। बताया कि फलैग मार्च कानून व्यवस्था बनाने का एक हिस्सा है। हम सब का यह दायित्व है कि हम सभी कानून का पालन करें और निष्पक्ष व भय रहित चुनाव संपन्न करवाए। चुनाव का शांतिपूर्ण निपटान करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है और इसमें आमजन की सहभागिता जरूरी है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे और शरारती व असामाजिक तत्व व गडबडी फैलाने वाले व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दे।

# राजीव जैन ने मंदिर पुजारियों से शहर में मजबूत संगठन बनाने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने मंदिर पुजारियों से शहर में मजबूत संगठन बनाने की अपील की ताकि समय समय पर आने वाली समस्याओं का समाधान तुरंत हो सके। साथ ही एक शहर एक त्यौहार मनाने का भी आग्रह किया। राजीव जैन गत रात्रि दुर्गा मंदिर ककरोई रोड के प्रांगण में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में सम्वत 2081 पर्व पत्रिका के विमोचन अवसर पर पुजारियों की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ोली के भाई माईराम कौशिक ने जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे गाना सुनाकर सभी को



मंत्रमुग्ध कर दिया। राजीव जैन ने कहा कि एक ही त्यौहार दो-दो दिन मनाने से असुविधा होती है और त्यौहार का महत्तव भी कम हो जाता है। शेष नारायण महाराज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि अपने निजि सवार्थ से ऊपर उठकर सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए काम करे ताकि भारत का डंका विश्व में बज सके। पुजारियों ने मांग रखी कि सरकार इमामों की तर्ज पर पुजारियों को भी मासिक भत्ता प्रदान करे तथा आपात सिथति में आर्थिक मदद करे। सभी ने एक स्वर में कहा कि हम समाज में विशेषकर युवा पीढ़ी में अच्छे संस्कार देने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### मिट्टी में मेहनत कर सैय्याखेड़ा का पहलवान सागर बना भारत केसरी: वीरेंद्र कादियान

**गन्नौर: सैय्याखेड़ा के पहलवान** सागर के भारत केसरी बनने पर सोमवार को गांव में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान के अलावा ग्रामीणों ने पहलवान सागर का माला पहनाकर जोरदार स्वागत कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने कहा कि कुश्ती मिट्टी से जुड़ा खेल है। जो खिलाड़ी जितनी अधिक मेहनत करता है उसकी प्रतिभा में उतना निखार आता है। ये सागर पहलवान ने साबित कर दिखाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल में खेल प्रतिभाओं को आगे लेकर आने के लिए प्रयास करने चाहिए, युवा खेल से जुड़ेगा तो समाज तरक्की की होगी। पानीपत के गांव कुराड़ में 5 अप्रैल को आयोजित दंगल स्पर्धा में पहलवान सागर ने 125 किलोग्राम में पंजाब के जितेंद्र को पटखनी देकर भारत केसरी के टाइटल को अपने नाम किया था। भारत केसरी बनने पर पहलवान सागर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तो शुरूआत है मैं और बेहतर प्रदर्शन करके दिखाउंगा। मैं जब यहां आया तब ही पूरी उम्मीद थी कि खिताब में ही जीतूंगा। सागर का कहना है कि मेरे पिता जगबीर उर्फ काला कुश्ती खेलते थे, अब खेतीबाड़ी करते है। पिता की प्रेरणा पाकर वह आगे बढ़ रहा है। पिता जगबीर ने कहा कि बेटा सागर कड़ी मेहनत कर रहा है, ताकि देश के लिए खेलें। इस अवसर पर जीत पहलवान, अत्तर सिंह, राजबीर सिंह, काला, जोगेंद्र, रणधीर, सुरेश कुमार, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### बंद घर के ताले तोड़कर जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र के** गोहाना रोड स्थित इंडियन कॉलोनी में बंद मकान से सोने व चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। इंडियन कॉलोनी निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि वह 4 अप्रैल को परिवार के साथ बाहर गए था। वह चार दिन बाद घर लौटे तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने देखा कि चोर उनके घर से सोने की चेन, दो अगूंठी, चांदी की पाजेब आदि चोरी कर ले गए थे। उन्हें अंदेशा है कि चोरी 5 या 6 अप्रैल की रात को हुई है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी एसआई बलवान सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। चोरी के मामले को लेकर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### एसोसिएशन ऑफ फामेर्सी ऑफिसर सोनीपत यूनिट का हुआ चुनाव

**सोनीपत: जिला नागरिक अस्पताल** परिसर में सोमवार को एसोसिएशन ऑफ फामेर्सी ऑफिसर सोनीपत यूनिट के सदस्यों की मासिक बैठक हुई। इसमें एसोसिएशन का चुनाव भी कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजगोपाल मलिक को दोबारा जिला प्रधान नियुक्त किया गया। चिराग आंतिल को जिला महासचिव, कुरनेंद्र भारद्वाज को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने यूनियन के सदस्यों के मुद्दों को उठाने की बात कही।

साथ ही सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य फामेर्सी अधिकारी राजबीर कुंडू, वरिष्ठ फामेर्सी अधिकारी नरेंद्र सरोहा, लखनपाल, विजय राठी, प्रेम कौर, मंजीत दहिया, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रमेंद्र सिंह, अनिल दहिया, रोशनलाल, सन्नी गुप्ता, सरिता, मोनिका, कमलेश, सुशीला भी मौजूद रहे।

# सी-विजिल एप की शिकायतों का निस्तारण के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: सी-विजिल एप की** शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो इसको लेकर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने लघु सचिवालय के सभागार में बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए 100 मिनट के अंदर उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए क्षेत्र में छह फ्लाइंग स्क्वैड टीम तैनात हैं। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वैड टीम में तैनात सभी ड्यूटी मेजिस्ट्रेट, शिक्षा विभाग के बीआरसी आजाद दहिया,



बीडीपीओ विभाग के एसईपीओ जयभगवान के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिए कि गांवो में कई सरकारी व निजी भवनों की दिवारों पर पार्टियों से संबंधित नारे लिखे हैं, जिन्हें तुरंत प्रभाव से हटवाया जाना चाहिए। फ्लाइंग स्क्वैड टीम के ड्यूटी मेजिस्ट्रेट अपने आधीन क्षेत्र पर पैनी नजर बनाए रखें। सी-विजिल एप से मिलने की वाली शिकायत का समय पर निस्तारण करें। उन्होंने बीआरसी आजाद दहिया से सरकारी स्कूलों की दीवारों पर छपे नारों को तुरंत प्रभाव से हटवाने के निर्देश दिए। वहीं बीडीपीओ कार्यालय के एसईपीओ जयभगवान को निर्देश दिए कि वे दो कर्मचारियों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाएं जो इस तरह की शिकायतें मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंच कर दीवारों पर लिखे स्लोगन, पार्टी के चिह्नों, पोस्टर व होर्डिंग हटा दें। इस मौके पर तहसीलदार सुमन लता व नायब तहसीलदार गजे सिंह भी मौजूद रहे।

**80 वर्ष अधिक बुजुर्ग बढ़ चढ़ कर करें मतदान**

एसडीएम निर्मल नागर ने 80 वर्ष अधिक बुजुर्गों के साथ भी बैठक की। उन्होंने बुजुर्गों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि असमर्थ बुजुर्गों को मतदान केंद्र में पहुंचाने में प्रशासन उनकी भी मदद करेगा।

# दुकान पर काम करते समय संचालक पर लोहे के दा से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र** के गांव खेवड़ा में हैयर कटिंग की दुकान पर काम कर रहे संचालक पर लोहे के दा से हमला कर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी रहिशु ने बताया कि वह गांव में हैयर कटिंग की दुकान चलाता है। गत 5 अप्रैल को वह देर शाम अपनी दुकान पर मौजूद था। वह दीपक की कटिंग कर रहा था। उसी दौरान सन्नी उर्फ रजनिश हाथ में लोहे का दा लेकर आया। उस पर हमला कर दिया। झगड़े का शोर सुनकर आसपास से लोग इक्ट्ठा होने लगे। जोगा नाम के युवक ने उसका बचाव किया। उसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# छात्र की चाकू गोदकर हत्या करने में शामिल आरोपित काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना थाना क्षेत्र के** गांव जुआं में सरकारी स्कूल के बाहर छात्र की चाकूओं से गोदकर बेरहमी से हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित चैनतुषम उर्फ चैन निवासी जुआं का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल पांच नाबालिग व दो अन्य आरोपित को पहले काबू कर लिया था। पुलिस वारदात में शामिल आठवें आरोपित को काबू किया है। गांव जुआं निवासी संदीप ने गत 17 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उनका चचेरा भाई अक्षित (16) गांव के राजकीय स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था। वह दोपहर करीब ढाई बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह स्कूल के गेट के पास पहुंचा तो उसके सहपाठियों व उनके दोस्तों ने अक्षित को पकड़ लिया। उन्होंने उसकी डंडे से पिटाई करने के साथ ही धारदार हथियारों से भी अक्षित पर हमला कर दिया। अक्षित की गर्दन, छाती व सिर में भी वार किए गए। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य बाहर आए तो हमलावर अक्षित को अधमरा कर भाग निकले।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजलू गढ़ी परिसर में बना सेंटर का भवन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: प्राथमिक स्वास्थय** केन्द्र राजलू गढ़ी में कर्मचारियों की अनुपस्थिति के मामले में सीएम फ्लाईंग द्वारा छापेमारी के बाद भी केन्द्र में तैनात कर्मचारियों की कमी देखने को मिल रही है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन व सरकार के प्रति रोष है। सोमवार को हरिभूमि की टीम ने दोपहर बाद ग्रामीणों के साथ पाया कि केन्द्र में तैनात तीन डाक्टरों में से एक भी चिकित्सक मौजूद नही था। केन्द्र में लैंब, चिकित्सकों के ओपीडी रूम, स्टोर में सभी कुर्सी खाली पड़ी थी तो केन्द्र के पुराने भवन में केवल दो महिला कर्मचारी व साथ में बने भवन में एक महिला कर्मचारी के अलावा फामेर्सी रूम में एक युवक तैनात था। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त युवक भी फामेर्सी में ट्रैनिंग पर आया है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि सीएम फ्लाईंग की चैकिंग के बाद भी कर्मचारियों में डयूटी के प्रति गंभीरता नही दिखा रहे है। ग्रामीण त्रिलोक ने बताया कि सरकार द्वारा गांव में पीएचसी बनाई है तो ग्रामीणों को स्वास्थय सुविधाएं पूरी मिलनी चाहिए। ग्रामीणों के अस्पताल में दवाई लेने जाने पर सभी चिकित्सक मिलने चाहिए। इसके अलावा सरकार को नए भवन का निर्माण करना चाहिए। नए भवन के निर्माण के लिए पंचायत भी जमीन देने को तैयार है।

सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र गन्नौर की एसएमओ डा. टीना आन्नद ने बताया कि राजलू गढ़ी पीएचसी के इन्चार्ज डा. गौरव की पुरखास में दो दिन के लिए डयूटी लगाई गई है। दूसरे डा. की जीएच नाईट में डयूटी लगी है। तीसरी डा. मनीता भी नही है। केन्द्र में 4 चिकित्सकों की स्वीकृत पोस्ट है। डा. टीना ने बताया कि अन्य कर्मचारी भी डयूटी पर नही है तो उनसे पूछताछ की जाएगी।

# हाइवा डंपर चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने हाइवा डंपर चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रणजीत निवासी समस्तीपुर बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। गांव रेवली निवासी वजीर सिंह ने गत 1 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह मिट्टी रेत भरत का काम करता है। उसके पास दो डंपर है। उसने एक डंपर को बहालगढ़ रोड पर खराब होने के चलते मिस्त्री की दुकान के सामने खड़ा किया था। किसी ने उसे चोरी कर लिया।

# गेहूं की खरीद हुई शुरू, मंडियों में पुख्ता इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला की** विभिन्न मंडियों गेहूं की आवक शुरू हो गई है। जिले की बराड़ा, मुलाना, अंबाला छावनी, अंबाला शहर, नारायणगढ़ सहित लगभग सभी मंडियों में गेहूं खरीद को लेकर इंतजाम किए गए है। इसको लेकर मंडी प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिस भी किसान ने मेरी फसल मेरा बयौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है उनके एक तारीख से ही गेट पास कटने शुरू होने थी । किसानों की सुविधा के लिए मंडी प्रशासन द्वारा उनके रहने , पीने के स्वच्छ पानी की ववस्था , शोचाल्यो की साफ



सफाई की ववस्था कर दी गई है। मंडी सचिव ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। सरकार द्वारा अबकी बार गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए की गई है। वहीं मंडी सचिव ने अबकी बार पिछले साल के मुकाबले ज्यादा गेहूं की आवक होने की उम्मीद जताई है। किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाए इसके लिए सरकार पुख्ता इंतजाम किए। मंडी प्रशासन भी गेहूं की खरीद के लिए पूरी तरह से तैयार है। ज्यादा जानकारी देते हुए मंडी सचिव नीरज भारद्वाज ने बताया की एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने थी । उन्होंने कहा की हमारी तरफ से किसानों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शोचालय साफ किए गए है और साफ सफाई पूरी तरह से की गई है वहीं रात को लाइट का पूरा प्रबंध किया गया है। बारिश अगर आती है तो उसके लिए भी आढ़तियों के पास तरपालों का पूरा प्रबंध है ।कृषि विभाग की मानें तो अगले सप्ताह तक मंडियों में गेहूं आने की संभावना बनी हुई है। उधर, एजेंसियों ने भी गेहूं की खरीद के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एजेंसियों के पास प्रर्याप्त मात्रा में बारदाना भी मौजूद है। गेहूं की ढुलाई और भराई के लिए भी विभिन्न एजेंसियों को टेंडर जारी हो चुके है। सोमवार को ढुलाई और भराई के लिए वर्क

# दिल के कलेजे ने अपनी मां के दिल के आरपार किया चाकू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र** के गांव खेड़ी मनाजात में बेटे ने मां के दिल समेत शरीर पर चाकू से सात वार कर उनकी हत्या की थी। दिल में लगा चाकू जानलेवा बन गया। मां पर ताबड़तोड़ वार करते समय भी बेटे के हाथ नहीं कांपे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। वहीं पिता ने पुलिस को दी शिकायत में भी बड़ा खुलासा किया है कि बेटे ने उनके सामने ही अपनी मां को चाकू मारे थे। जब वह बचाने भागे तो आरोपित उसे मारने की धमकी देकर भाग गया। उनका आरोप है कि बेटे का गांव की महिला से मेलजोल था। जिसका परिवार के सदस्य विरोध करते थे। यही रंजिश हत्या का कारण बन गई। गांव खेड़ी मनाजात निवासी निर्मला (49) की रविवार दोपहर बाद घर के अंदर चाकू से वार कर हत्या कर दी गई थी। महिला के पति ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है कि वह घटना के समय बाहर गए थे। जब घर लौटे तो देखा कि इकलौता बेटा नवीन अपनी मां को चाकू मार रहा था। उन्होंने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह धमकी देकर भाग गया। वह पत्नी निर्मला को लेकर अस्पताल गए तो उन्हें मृत घोषित कर दिया था। बलराज ने पुलिस को बताया है बेटे का गांव की महिला संग मेलजोल था। यह उन्हें और परिवार को पसंद नहीं था। वह अक्सर उसे टोकते थे।

# इंटरनेट में खराबी के चलते बांधित हुई मिल की ऑनलाइन सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर के कामी सड़क मार्ग** पर स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में तकनीकि खराबी के चलते इंटरनेट सेवाएं बाधित चल रही है। जिसके चलते मिल प्रबंधन के साथ-साथ गन्ना उत्पादकों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से मिल में इंटरनेट सेवाओं को उपलब्ध करवाने वाली बीएसएनएल कंपनी को शिकायत भेजी है। जिसके बाद से कंपनी के कर्मचारी फाल्ट को दूर करने में लगे हुए है। देर शाम तक इंटरनेट सेवाएं शुरू न होने के चलते किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से किसानों के पास कॉल करके व टोल फ्री नंबर के जरिए संपर्क साधना शुरू कर दिया है। ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि दी सहकारिता चीनी मिल में कुशल प्रोग्राम की बदौलत मिल में 80 प्रतिशत सेवाएं इंटरनेट के जरिए उपलब्ध करवाई जा रही है। चीनी मिल प्रदेश के हाईटेक चीनी मिलों में अपना अग्रणी स्थान रखता है। जिसमें गन्ना उत्पादकों के लिए ऑनलाइन प्रणाली मिल का पत्थर तक साबित हो रही है।

प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों के लिए पर्ची जारी करने से लेकर टोकन बुकिंग तक की प्रक्रिया किसान ऑनलाइन तरीके से उपलब्ध करवाई जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए मेरी पर्ची-मेरी मर्जी जैसी योजनाएं भी लागू की गई है। जिससे घर बैठे किसान अपने गन्ने का टोकन बुक करने के साथ पर्ची को अपनी मर्जी से ले सकते है। मिल प्रबंधन की तरफ से दी जा रही उक्त सेवाओं पर इंटरनेट की खराबी ने ग्रहण लगा दिया है। बीती रात को इंटरनेट सेवाएं बाधित होने के कारण मिल की ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह से ठप्प पड़ गई है।

**नेट सेवाएं बाधित होने के चलते अधिकारियों के पास कॉल कर रहे किसान-**

चीनी मिल प्रशासन द्वारा यार्ड में लगने वाली जाम की समस्या के समाधान के लिए मौजूदा पेराई सत्र में एडवांस टोकन बुकिंग सिस्टम लागू किया है। जिसके अंतर्गत किसान ऑनलाइन तरीके से ही अपने टोकन की बुकिंग घर बैठे ही कर लेता है। जिस समय उसका टोकन नम्बर नजदीक पहुंचता है, किसान अपना गन्ना लेकर मिल की तरफ रवाना हो जाता है। लेकिन रविवार रात से लेकर सोमवार देर शाम तक समाचार लिखे जाने तक इंटरनेट सेवाएं बाधित होने की वजह से ऑनलाइन एडवासं टोकन बुकिंग सिस्टम ठप्प पड़ा रहा। जिसके कारण किसान अपना ऑनलाइन तरीके से नही लगवा पाए। ऐसे में किसानों को ऑफलाइन तरीके से मिल में पहुंचकर ही टोकन लगवाना पड़ा। जिसके चलते यार्ड में अधिक गन्ने के पहुंचने की सम्भावना बन गई है। नेट सेवाएं अधिक बाधित रही तो यार्ड में जाम जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। वहीं मिल अधिकारियों के पास कॉल कर-के यार्ड की स्थिति से लेकर गन्ना पर्ची तक किसान जानकारी ले रहे है। चीनी मिल में मौजूदा वर्ष 2023-24 के पेराई सत्र के दौरान अब करीब 26 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है। मिल प्रशासन ने चंद दिनों पहले करवाए गए सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सोनीपत चीनी मिल क्षेत्र में अभी करीब 2 लाख क्विंटल से अधिक गन्ना बचा हुआ है। मिल प्रशासन ने 20 अप्रैल तक बच्चे हुए गन्ने की पेराई प्रक्रिया पूरी करने की रुपरेखा तैयार की है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। हालांकि मौजूदा समय में गर्मी अधिक होने के कारण 18 से 20 हजार क्विंटल गन्ने की ही प्रतिदिन पेराई हो पा रही है।

# एसडीएम ने आरसी एवं लाइसेंस ब्रांच का किया निरीक्षण, रिकार्ड रखने में मिली खामियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: एसडीएम डा. निर्मल** नागर ने सोमवार को आरसी एवं लाइसेंस ब्रांच का निरीक्षण किया। एसडीएम नागर ने ब्रांच का रिकार्ड जांचने के साथ ही कर्मियों को निर्देश दिए कि आमजन के कार्यों में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। आरसी एवं लाइसेंस ब्रांच के निरीक्षण में एसडीएम ने पाया कि आरसी एवं लाइसेंस रिकार्ड रखने में लापरवाही बरती जा रही है। रिकार्ड के रजिस्टर पूरे तैयार नहीं मिले और कई रजिस्टरों में वर्ष व महीने का भी उल्लेख नहीं किया गया था। जब उन्होंने कर्मचारियों से जवाब मांगा तो कर्मचारियों ने बताया



कि सभी फाइलों का रिकार्ड आनलाइन है। इस पर एसडीएम ने कहा कि सभी फाइलों को रिकार्ड आनलाइन तो है, लेकिन वह आरसी एवं लाइसेंस का सारा रिकार्ड अलग-अलग आफलाइन वर्ष व महीने के साथ तैयार करें, ताकि जरूरत पड़ने पर वह आसानी से मिल सके। वही जांच में यह भी सामने आया कि ब्रांच से आरसी व लाइसेंस लेकर जाने वाले लोगों का रिकार्ड रखने में भी खानापूर्ती की जा रही है।

# नरेला: पूर्वांचल मोर्चा ने किया लिट्टी चोखा सहभोज का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वांचल संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत नरेला विधानसभा में पूर्वांचल समाज के लोगों के साथ लिट्टी चोखा सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने की। इस कार्यक्रम में लोकसभा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व विधायक अनिल झा, जिला मंत्री दिव्या झा, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश कादयान, पूर्वांचल मोर्चा महामंत्री सत्येंद्र सिंह, सुदामा सिंह, उमाशंकर सिंह, दिनेश, संजीव, रोशन सिंह, जिला मंत्री सुमित सिंह, रंजीत चौधरी, छोटेलाल कार्यक्रम सहसंयोजक विनोद कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों को भाजपा पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में नीरज तिवारी, विजय कुशवाहा, संजय कुमार झा, शैलेंद्र कुमार, आत्माराम ठाकुर, डॉक्टर संतोष झा, राकेश कुमार झा, कृष्णा तिवारी व पूर्वांचल समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केन्द्रीय आर्य** युवक परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व अन्तरंग सभा की बैठक सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा मुख्यालय दयानन्द भवन, आसफ अली रोड, नई दिल्ली में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न प्रांतों के आर्य प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। बैठक में आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश में युवाओं के चरित्र निर्माण व संस्कारित करने के लिए युवा निर्माण शिविर लगाने का निश्चय हुआ। राष्ट्रीय शिविर शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार चौहान के सान्निध्य में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में शनिवार 1 जून से रविवार 9 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में






250 युवक भाग लेंगे और उन्हें मातृ-पितृ भक्त, देशभक्त, ईश्वरभक्त बनाने के साथ-साथ योगासन, लाठी, जूडो कराटे, बाक्सिंग, स्तूप आदि आत्म रक्षा शिक्षण भी दिया जाएगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आर्य युवक परिषद् युवाओं के चरित्र निर्माण के लिये देश भर में युवा निर्माण शिविर आयोजित करेगी। उन्होंने जाति जनगणना को राष्ट्र हित में घातक बताया। शिविरों से नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति से परिचित हो सकेगी। आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की और अग्रसर हो रही है उन्हें अपनी गौरव शाली संस्कृति से परिचय करवाया जाए जिससे वह अपनी संस्कृति पर गर्व कर सकें। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि गाजियाबाद से 50 आर्य युवक शिविर में भाग लेंगे। बैठक का कुशल संचालन परिषद के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र भाई ने किया। बैठक में आगामी सत्र के लिए नई टीम बनाने का सर्वसम्मति से अधिकार अनिल आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया गया। शिविरों की तैयारी के लिए योगेन्द्र शास्त्री, सौरभ गुप्ता, रोहित कुमार शाखाओं से जनसंपर्क अधिकारी का कार्य देखेंगे।

# अशोक विहार: देश में फिर से लहरायेगा भाजपा का परचम: देवराज कोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है, यही कारण है कि आज लोग बहुताय की संख्या में भाजपा से जुड़ रहे है।

**भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया:** भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।

**भाजपा के कार्यों से खुश है लोग:** हम चुनाव प्रचार के दौरान जहां पर भी जा रहे है, वहां हमें जनता का



अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और जनता भाजपा के कार्यों व भाजपा की नीतियों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

**भाजपा राज में देश में कई योजनाएं हुई लागू:** प्रधानमंत्री ने देश

**पूर्व पार्षद ने कहा**

**8 भारतीय जनता पार्टी के राज में देश के किसानों की हालात में भी काफी सुधार हुआ है : देवराज कोली**

में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर बढ़ रहे है। आज देश के किसानों की स्थिति में भी काफी सुधार हुआ है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के लिए भी कई योजनाएं लागू की है। जिससे किसान खुश है।

# भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला केशवपुरम ने निकाली बाईक रैली





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देशभर में भाजपा का स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिला से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उल्लास और उमंग के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई भी दी। इस मौके पर पार्टी का ध्वजारोहण करके कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। भाजपा जिला केशवपुरम में बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस बाईक रैली की शुरूआत कन्हैया नगर मैट्रो स्टेशन से हुई और रैली का समापन जिला कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर केशव पुरम जिला से जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, निगम पार्षद मीनू गोयल, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष पंडित गोविन्द शर्मा, भाजपा नेता संजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी, निगम पार्षद किशन बेमाड़ सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा एक राजनैतिक पार्टी मात्र नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है। जिसके लिए राष्ट्र प्रथम है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# कांग्रेस पार्टी ने जो कहा, वह करके दिखाया है: भारत सिंह राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, वहां पर जनता भाजपा के कार्यों से खुश नहीं है, क्योंकि जो वादे भाजपा ने जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हुए है। उक्त बातें कांग्रेस नेता भारत सिंह राघव ने कही।

उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि आज देश के लोग कांग्रेस के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है, हम जहां-जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान



जा रहे है, देश की जनता कांग्रेस को शासन में देखना चाहती है। कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है, कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। देश की जनता कांग्रेस के साथ है, हम जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान जा रहे, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और देश की जनता का मूड़ कांग्रेस की तरफ है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। आज जो आप राजधानी दिल्ली में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है।

# समागम में धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक शख्सियतों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रत्येक वर्ष** की तरह इस वर्ष भी दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने खालसा साजना दिवस के मौके पर अपने निवास स्थान पर शुक्राना समागम का आयोजन किया। समूचे कालका परिवार द्वारा श्री अखंड पाठ साहिब रखवाये गए थे, जिसकी समाप्ति के पश्चात शाम को विशेष शुक्राना कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें भाई जगजीत सिंह बबीहा, भाई अनंतवीर सिंह (एलए) ने गुरुबाणी के आनंदमयी कीर्तन के माध्यम से संगत को इलाही बाणी से जोड़ा। कार्यक्रम में तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह सहित




बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। समागम के दौरान हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी के धर्म प्रचार कमेटी के अध्यक्ष बाबा बलजीत सिंह दादूवाल, कार सेवा वाले बाबा सुरिंदर सिंह, बाबा सतनाम सिंह जी, बाबा सुखदेव सिंह भूरी वाले, बाबा रणजीत सिंह हरियाणा मंडी वाले, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, राज्यसभा सदस्य पद्मश्री विक्रमजीत सिंह साहनी, राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, राजिंदर सिंह चड्ढा, पूर्व सांसद त्रिलोचन सिंह, दिल्ली भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार रामवीर विधूड़ी, प्रवीण खंडेलवाल और कमलजीत सहरावत, दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों और सचिव जसमेन सिंह नोनी, दिल्ली कमेटी सदस्य हरजीत सिंह पप्पा, राजिंदर सिंह ख्याला, गुरुमीत सिंह भाटिया, सुरजीत सिंह जीती, भूपिंदर सिंह भुल्लर, परमिंदर सिंह लक्की, गुरदेव सिंह, मंजीत सिंह औलख, सर्वजीत सिंह विर्क, गुरप्रीत सिंह जस्सा, अमरजीत सिंह पिंकी, आत्मा सिंह लुबाणा, सतिन्द्रपाल सिंह नागी, रमिंद्र सिंह स्वीटा, जसप्रीत सिंह जस्सीप मौजूद रहे।

# भाजपा चुनाव कार्यालय में झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान की हुई अहम बैठक





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान, दिल्ली प्रदेश सह-संयोजक व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज लोकसभा चुनाव कार्यालय में झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान चांदनी चौक लोकसभा के सभी पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल द्वारा झुग्गी-झोपड़ी अभियान के सभी पदाधिकारी को पटका पहना कर उनका हौसला बढ़ाया गया।

इस बैठक में झुग्गी-झोपड़ी अभियान दिल्ली प्रदेश के संयोजक विजय भगत, प्रवीण खंडेलवाल की पत्नी कनक खंडेलवाल, भतीजी व दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा पूनम गुप्ता, बेटी श्रद्धा खंडेलवाल, चांदनी चौक लोकसभा के प्रभारी सुरेश भारद्वाज, संजय शर्मा सह-संयोजक, सुभाष झा, दोनों जिला संयोजक, विधानसभा संयोजक सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने प्रवीण खंडेलवाल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने व प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से जीत दिलवाने का आश्वासन दिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया



एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# ....कमजोर है इंडी गठबंधन का ट्रैक रिकार्ड

## उप्र में पहले चरण के चुनाव की वोटिंग 19 अप्रैल को, गड़बड़ है इन सीटों पर गठबंधन का रिकॉर्ड

**इतिहास से**

**8 मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत के वोटर अपना प्रतिनिधि चुनेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उप्र में पहले चरण के चुनाव की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। प्रथम चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत के वोटर अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। इन सीटों पर इंडी गठबंधन का पुराना रिकार्ड देखा जाए तो वो काफी कमजोर दिखाई देता है। कई सीटों पर इंडी गठबंधन 30 साल पहले जीता था,तो कहीं पर उसका कभी खाता ही नहीं खुला। एकाध सीट ऐसी **है,जहां उसका प्रदर्शन औसत रहा।**

**2024 में सपा-कांग्रेस का गठबंधनः इंडी गठबंधन में सपा-कांग्रेस शामिल हैं। पहले चरण की आठ** में सात सपा और एकमात्र सहारनपुर सीट कांग्रेस के खाते में हैं। सपा 63 और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उल्लेखनीय है कि, 2019 के आम चुनाव में सपा-बसपा-रालोद का गठबंधन था।

**सहारनपुर सीट कांग्रेस ने 40 साल पहले जीती थीः** सहारनपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर इमरान मसूद मैदान में हैं। सहारनपुर सीट के संसदीय इतिहास को देखें तो कांग्रेस प्रत्याशी यशपाल सिंह ने 1984 में अंतिम बार यहां से जीत दर्ज कराई थी। उसके बाद से कांग्रेस यहां से लगातार पिछड़ती रही। 2014 के आम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे और 2019 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहा। 2004 और 2009 में कांग्रेस यहां चौथे स्थान पर रही थी। 2014 में ये सीट भाजपा ने बसपा को हराकर जीती थी। 2019 में बसपा प्रत्याशी ने भाजपा को हराया था। भाजपा दूसरे नंबर पर थी।

**सपा ने 28 साल पहले जीती कैराना सीटः** कैराना सीट इंडी गठबंधन में सपा के खाते में है। सपा ने यहां से इकरा हसन को मैदान में उतारा है। इस सीट का संसदीय इतिहास देखें तो इस सीट पर सपा पर 1996 में सपा प्रत्याशी मुनव्वर हुसैन ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद से यहां दोबारा साइकिल दौड़ नहीं पाई। इसके बाद हुए चुनाव में यहां भाजपा, बसपा और रालोद ने जीत दर्ज कराई।

**मुजफ्फरनगर सीट पर सपा सिर्फ एक बार जीतीः** जाट लैंड की अहम सीट मुजफ्फरनगर में सपा ने 2004 में पहली बार जीत दर्ज कराई थी। सपा ने यह सीट सिर्फ एक बार ही जीती है। कांग्रेस यहां अंतिम बार 1999 में जीती थी। 2014 और 2019 में भाजपा ने यहां से लगातार जीत दर्ज की। इस बार भाजपा-रालोद गठबंधन में होने से इस सीट पर एनडीए प्रत्याशी मजबूत स्थिति में है।

**बिजनौर में सपा 1998 में जीती थीः** बिजनौर सीट सपा ने अंतिम बार 1998 में जीती थी। उसके बाद इस सीट पर उसका सूखा लगातार जारी है। सपा के गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस की प्रत्याशी मीरा कुमार 1985 के उपचुनाव में यहां जीत दर्ज कराई थी। उसके बाद से कांग्रेस का यहां खाता नहीं खुला।

### मुरादाबाद में 2019 में जीती थी सपा

2019 के आम चुनाव में सपा ने ये सीट जीती थी। इस बार सपा ने पिछले विजेता एसटी हसन का टिकट काट दिया है। सपा ने 24 मार्च को मुरादाबाद से एसटी हसन को टिकट दिया। 26 को उन्होंने पर्चा भरा। हालांकि इसके अगले ही दिन अखिलेश यादव ने रुचि वीरा को सिंबल देकर नामांकन करवा दिया। कहा गया कि आजम खान के दबाव में सपा ने रुचि वीरा को अपना उम्मीदवार बनाया। टिकट कटने और अंतिम समय तक उम्मीदवार फाइनल न होने से सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी है, जिसका असर सपा के नतीजों पर पड़ना तय माना जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 2009 में यहां जीत हासिल की थी।

**रामपुर पर प्रत्याशी बदलने से बदला चुनाव का माहौलः** रामपुर लोकसभा सीट 2019 में सपा ने जीती थी। हालांकि 2022 के हुए उपचुनाव में भाजपा ने सपा के गढ़ में जीत दर्ज कराई। सपा आजम खान के गढ़ रामपुर अपना प्रत्याशी एक बार में फाइनल नहीं कर पाई। यहां से टिकट फाइनल करने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीतापुर जेल जाकर आजम खान से मुलाकात भी की थी। पहले आया कि रामपुर से आजम के करीबी असीम राजा को टिकट दिया जाएगा और उन्होंने एक नामांकन पत्र भी खरीद लिया था। लेकिन बाद में दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को टिकट दिया गया।

**फास्ट न्यूज**

## उप्र में बूंदाबांदी की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः** उत्तर प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी जिससे खासकर रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।हालांकि दिन का तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है लेकिन पछुआ तेज हवाओं से भीषण गर्मी का असर कमजोर पड़ रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दो दिन स्थानीय स्तर पर हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में अपनी धुरी के साथ औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर लगभग 78 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 30 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में बना रहता है। पूर्वी असम और आसपास के इलाकों पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। आंतरिक ओडिशा से लेकर उत्तरी तमिलनाडु तक छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक तक ट्रफ/हवा का विच्छेदन औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 10 अप्रैल से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने वाला है। इससे उत्तर प्रदेश का मौसम भी प्रभावित होगा और आगामी दो से तीन दिन आसमान में रुक रुककर बादल आते जाते रहेंगे। रात में भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। जिससे रात के तापमान सामान्य से कम चल रहे हैं और दिन के तापमान सामान्य से अधिक हैं। स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी के साथ तेज धूल भरी हवाएं और मेघ गर्जन की संभावना है। उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 37.8 और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 40 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 15 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 4.1 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है। तापमान में अब बढ़ोत्तरी की संभावना है और प्री मानसून की गतिविधियां तेज हवा, धूल भरी आंधी, मेघ गर्जना के साथ बूंदाबांदी भी कहीं कहीं हो सकती है।

## गाजियाबाद: किसी ने वापस नहीं लिया नामांकन

**गाजियाबादः** गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से सोमवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। सोमवार को नाम वापसी की अंतिम तारीख थी। अब लोकसभा से 14 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। उल्लेखनीय है कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद कल 14 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं। कांग्रेस-सपा गठबंधन से डोली शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से नंदकिशोर पुंडीर, राष्ट्र निर्माण पार्टी से आनंद सिंह, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी से अंशुल गुप्ता, सुभाष वादी समाजवादी पार्टी से धीरेंद्र भदौरिया, समाजवादी विकास पार्टी से नमह, राइट टू रिकॉर्ड पार्टी से पूजा तथा अभिषेक पुंडीर अवधेश कुमार औरंगजेब कविता नाथू सिंह व रवि कुमार के नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में स्वीकृत पाए गए थे।

## इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियन बनी श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/झुंझुनूः** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप 2023-24 श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर को रोमांचक फाइनल मुकाबले में 7 रन से हराकर ट्राफी जीत ली। इसके साथ ही मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं इस चैंपियनशिप को जीतने वाली राजस्थान की पहली यूनिवर्सिटी भी बनी। विजेताओं को ट्राफी यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला के मार्गदर्शन में प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल द्वारा सौंपी गई। डॉ विनोद कुमार दुर्गादत्त टिबडेवाला खेल संकुल में 30 मार्च से प्रारम्भ हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी के सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान ने 37 गेंद पर 38 रन और अमित दलाल ने 20 गेंद पर 25 रन बनाते हुए टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। मेजबान टीम का पहला विकेट 60 रन पर गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान लक्ष्य दलाल ने 6 छक्कों की मदद से 19 गेंद पर शानदार 50 रन बनाए और सोनू छिक्कारा के 14 रन के सहयोग से 15 ओवर में 4 विकेट खोकर 140 रन बनाए। पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर की तरफ से शुभ, विजय यादव, सुधांशु व ऋषि ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के सलामी बल्लेबाज सुधांशु ने 24 गेंद पर 1 छक्के व 8 चौकों की मदद से 48 रन और प्रियांशु ने 42 गेंद पर 23 रन की पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्तिथि में पहुंचाया। लेकिन प्रियांशु के आउट होने के बाद विजय यादव और शुभ ने टीम को मुकाबले में बनाए रखा। मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के स्पिनर गेंदबाजों द्वारा शिकंजा कसने से अंतिम ओवर तक खिंचे मुकाबले में 15 ओवर खेलते हुए पूर्वांचल यूनिवर्सिटी 133 रन ही बना सकी और फाइनल मुकाबला 7 रन से हार गई।



लोकसभा चुनाव : जनरल सिंह बोले, सेना और भाजपा की सोच में राष्ट्र सर्वोपरि है, मोदी सरकार के विकास कार्यों पर जनता का है भरोसा।

## धनंजय सिंह की अपील पर ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर जिला अदालत द्वारा अपहरण मामले में दोषी करार दिए गए धनंजय सिंह की अपील पर सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट से सभी रिकॉर्ड तलब किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ ने धनंजय सिंह की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उसके सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उन पर नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश रचने का आरोप था। मामले में 10 मई 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व उनके सहयोगी संतोष विक्रम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पूर्व सांसद व उनके सहयोगी को दोषी पाते हुए सात साल की सजा सुनाई है। इस फैसले के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर सजा रद्द करने और जमानत पर रिहा करने की मांग की है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मामले में ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड तलब कर लिया है।

## 'इंडी गठबंधन के आधे नेता जेल में आधे नेता बेल पर'

**टीम एक्शन इंडिया**

बिजनौरः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रियंका मॉडर्न पब्लिक स्कूल, धामपुर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे नेता बेल पर हैं। सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने आकाश पाताल व धरती कहीं नहीं छोड़ा, सब जगह घोटाला ही घोटाला किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं। लालू यादव ने चारा घोटाला किया। नौकरी के बदले जमीन घोटाला किया कि नहीं किया। केजरीवाल ने शराब घोटाला किया कि नहीं किया।राहुल गांधी बेल पर हैं कि नहीं। सोनिया गांधी और पी.चिदम्बरम बेल पर हैं कि नहीं। भाजपा अध्यक्ष ने फिर एक बार मोदी सरकार,अबकी बार 400 पार का नारा भी लगवाया। जेपी नड्डा ने कहा कि समूचा उत्तर प्रदेश एक समय माफियाराज और भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ था, यहाँ का समाज असुरक्षित व भयभीत रहने को अभिशप्त था। भाजपा की सरकार ने प्रदेश में सुशासन की स्थापना कर जन-जन का उत्थान सुनिश्चित किया है। सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर देश और प्रतिष्ठा के नए सोपान गढ़ता उत्तर प्रदेश मोदी के साथ है और एनडीए को 400 सीटों से भव्य विजय का संकल्प ले चुका है।



**हमला बोला**

**8 सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने आकाश पाताल व धरती कहीं नहीं छोड़ा, सब जगह घोटाला ही घोटाला किया**

## छग शराब घोटालाः अनिल और यश के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला निरस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपित अनिल टूटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ दर्ज मनी लांड्रिंग मामले को निरस्त कर दिया है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जब कोई आपराधिक धनराशि नहीं है तो मनी लांड्रिंग का मामला ही नहीं बनता है। ईडी इस मामले में 2019 से 2022 तक मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। ईडी आरोपित अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और अफसर अनिल टूटेजा से 121.87 करोड़ की 119 अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है।

## पूर्व डीजीपी समेत कई नेता भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ**: उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यालय में सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस समेत अन्य पार्टियों के नेता भी भाजपा की सदस्यता ली। सदस्यता ग्रहण करने वालों में बसपा के पूर्व एमएलसी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल (फरूर्खाबाद), बसपा से नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल (फरूर्खाबाद), नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर (फतेहपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार मिश्र (सुल्तानपुर), कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र सिंह तोमर (अलीगढ़), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बुज शुक्ला (कानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सचिन त्रिपाठी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संदीप शर्मा जैकी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डीएस मिश्रा (सुल्तानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अरूण कुमार दुबे (औरैया) शामिल हुए। इसी क्रम में यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उमंग शुक्ला (कानपुर), यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शानू बुन्देला (कानपुर), यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डब्बू तिवारी (कानपुर), कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र अवस्थी बबलू (कानपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव पवन सिंह (कानपुर), बसपा के जाट भाईचारा को-आर्डिनेटर धर्मवीर चौधरी (गाजियाबाद), उपनेता नगर निगम कानपुर अनिल यादव, मुख्य सचेतक कानपुर नगर निगम अमित जायसवाल मौजूद रहे।



**सदस्यता**

**8 प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**

## बसपा ने घोसी से बालकृष्ण को दिया टिकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः लोकसभा चुनाव** के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सोमवार को घोसी सीट से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को उम्मीदवार बनाया है। दो दिन पहले ही वह कांग्रेस छोड़कर बसपा में शामिल हुए थे। बसपा ने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान पर भरोसा जताते हुए घोसी सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उनका मुकाबला घोसी सीट पर एनडीए उम्मीदवार ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर से है। जबकि सपा ने इस सीट पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## धामी ने कांग्रेस को मुस्लिम लीग करार दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादूनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कांग्रेस को मुस्लिम लीग करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हर कोई अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगा है। कोई केंद्र में पीएम इन वेटिंग है तो कोई राज्य में सीएम इन वेटिंग है। बागेश्वर के दुगनाकुरी में सोमवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री धामी ने कांग्रेस को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछली बार मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने की बात की थी। कांग्रेस के लोग आज मुस्लिम पर्सनल लॉ लाने की बात कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पूरा देश अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मना रहा था, तब कांग्रेस राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर सवाल उठा रही थी। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को भी नकारने का काम किया है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कोर्ट में प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया था। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वीरों की भूमि है। सेना के शौर्य और बलिदान की भूमि है, लेकिन राजनीति में अंधी कांग्रेस का चरित्र इस कदर गिर चुका है कि वो सर्जिकल स्ट्राइक और सेना के शौर्य पर भी सवाल उठाती है।



**साधा निशाना**

**8 कांग्रेस में कोई पीएम इन वेटिंग है तो कोई सीएम इन वेटिंगः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**

## गायक मनोज को मिला 'ग्लोबल ग्रीन्स गंगा वाणी रत्न सम्मान'

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** वैश्विक हरियाली के लिए भारत में विगत 18 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण पर कार्य कर रही बहुचर्चित संस्था ग्लोबल ग्रीन्स ने संस्था अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध उद्घोषक संजय पुरुषार्थी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। देश-विदेश में अपनी शानदार गायिकी से गौरवान्वित करने वाले प्रसिद्ध गायक मनोज गुप्ता सहित आठ विभूतियों को कुलभास्कर आश्रम पीजी कालेज के सभागार में ग्लोबल ग्रीन्स गंगा वाणी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। पहले सत्र के मुख्य अतिथि थे इविवि के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर पी.के घोष एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हसन नकवी और अर्थशास्त्र विभाग इविवि की वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर किरन सिंह रही।

जबकि दूसरे सत्र की मुख्य अतिथि उप महापौर सुनीता दरबारी एवं विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता व गंगा न्याय मित्र अरुण कुमार गुप्ता रहे।

**चुनावी बिसात** सौ दिनों में तैयार होने वाली पिपरमेंट की फसल से चार गुनी आमदनी हासिल करने के लिए किसानों ने खेतों में रोपाई भी कर दी

## बुंदेलखंड क्षेत्र के हमीरपुर में किसानों ने अब शुरू की पिपरमेंट की खेती, किसानों में उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुरः** बुंदेलखंड क्षेत्र के हमीरपुर जिले में दैवीय आपदा की मार झेल रहे किसानों ने अब पिपरमेंट की खेती शुरू की है। सौ दिनों में तैयार होने वाली पिपरमेंट की फसल से चार गुनी आमदनी हासिल करने के लिए किसानों ने खेतों में रोपाई भी कर दी है। किसानों में भी इसकी खेती को लेकर उत्साह भी देखा जा रहा है। बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले में सरीला, गोहांड और राठ क्षेत्र के तमाम गांवों में किसान पिछले कई सालों से दैवीय आपदा की मार झेल रहे हैं। परम्परागत खेती में हर साल बड़ा नुकसान उठाने वाले किसानों ने इसीलिए कम लागत वाली फसलों की खेती की तरफ कदम बढ़ाए हैं। यहां के किसान इस बार पिपरमेंट की खेती की तैयारी में जुट गए हैं। कम लागत में इसकी खेती से यहां के किसानों की तकदीर बदल जाएगी। गोहानी राठ के प्रगतिशील किसान राजेन्द्र सिंह व चिल्ली राठ के रघुवीर सिंह ने बताया कि पिपरमेंट की खेती वैसे तो फरवरी के आखिरी माह से शुरू होती है लेकिन अबकी बार जनवरी और फरवरी महीने में लगातार बारिश और ओलावृष्टि ने रबी की फसलों को तगड़ा झटका दिया है।



उन्होंने बताया कि किसी तरह दलहनी फसलें तैयार करने के बाद अब पिपरमेंट की खेती के लिए रोपाई शुरू कर दी गई है। किसानों का कहना है कि पिपरमेंट की खेती के लिए दोमट और मटियारी जमीन बहुत ही मुफीद होती है। गोबर की सड़ी खाद डालना बहुत ही लाभप्रद रहता है। खाद डालने के बाद पाटा लगाकर रोपाई के लिए खेत को समतल किया गया है। इसके बाद खेत में हल्का पानी दिया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी रमेशचन्द्र पाठक ने बताया कि हमीरपुर जिले के गोहांड क्षेत्र में पिपरमेंट की खेती बहुतायत में किसान कर रहे है। बुंदेलखंड क्षेत्र के चित्रकूट क्षेत्र में इसकी खेती किसान कर रहे हैं। बताया कि पिपरमेंट की खेती से किसानों की तकदीर जरूर बदलेगी।

**दैवीय आपदा की मार झेल रहे किसानों ने पिपरमेंट की खेती की तरफ बढ़ाए कदमः** हमीरपुर समेत समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र में इस बार कई महीनों तक लगातार बारिश से दलहनी की फसलें चौपट हुई है। दो महीने तक बारिश के बाद फिर ओलावृष्टि और बरसात होने से फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

**लीक से हटके**

**8 सरीला, गोहांड और राठ क्षेत्र के तमाम गांवों में किसान पिछले कई सालों से दैवीय आपदा की मार झेल रहे हैं**